


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



पेज - 4 Web Site: www.janjanjagran.com भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित भोपाल, शनिवार 16 अप्रैल 2022 वर्ष-27 अंक-247 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए पेज - 6


# वेद मंत्र और बुन्देली गायन के बीच दुल्हनों ने पहनायी वरमाला

### ग्राम धवर्रा में शिव-पार्वती के विवाह जैसा रहा आयोजन

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने 26 कन्याओं का विवाह कर धरती का सबसे बड़ा पुण्य कार्य किया : विश्वास सारंग

### खेल परिसर धवर्रा रहा परिणय यज्ञ का साक्षी: कमल पटेल











**छतरपुर।** नौगांव शहर के नजदीकी ग्राम उप्र के धवर्रा में शुक्रवार को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्त्रोत एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की माताश्री श्रीमती शांति मिश्रा के पांचवें स्मृति दिवस के अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम धवर्रा के पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में सभी वर्गों के निर्धन एवं वंचित परिवारों से आयीं 26 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में शिव-पार्वती के विवाह जैसा सौंदर्य देखने को मिला। आयोजन में न्यास के सदस्यों द्वारा वर-वधू परिवारों का स्वागत कर उन्हें आकर्षक गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई। खेल परिसर में बनाए गए 26 मण्डपों में वेद मंत्रों और बुन्देली गायन के बीच वर-वधू ने फेरे लिए एवं एक-दूसरे को सामूहिक त्रिस्तरीय मंच पर पुष्प वर्षा करते हुये वरमाला पहनाई।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि सेवा न्यास निरंतर सामाजिक कार्यों में संलग्र रहकर हर वर्ष इस तरह के आयोजन करता है। इस वर्ष उन्होंने 25 बेटियों के विवाह का संकल्प लिया था लेकिन ईश्वर की कृपा से माताजी की पुण्यतिथि पर न्यास के द्वारा 26 बेटियों को विवाह उपरांत विदा किया गया।

**बारात का एक किमी तक चला क़ाफिला**



सर्वप्रथम सुबह 8 बजे सभी बारातें धवर्रा मंदिर से एक साथ प्रारंभ हुईं। सभी दूल्हे एक जैसी वेशभूषा में घोड़े पर सवार होकर धवर्रा के खेल परिसर पहुंचे। रास्ते में डॉ. राकेश मिश्र के द्वार नीलकंठ धाम पर सभी दूल्हों का तिलक व राशि दी गई।इसके बाद खेल परिसर के बाहर ही घोड़ों पर पंडितों ने मंत्रोच्चार कर द्वार चार की रस्म करायी। इन वर-वधू के परिवारों का जलपान के साथ स्वागत किया गया। परिसर में बने अलग-अलग 26 मण्डपों में वेदिकाओं पर बैठकर समाज की परम्परानुसार फेरे कराये गये। आचार्य रमाकान्त पटैरिया श्री शंकर्षणाचार्य महाराज भीमकुण्ड के मागदर्शन में पुरोहितों के द्वारा वैदिक रीतिरिवाज से विवाह सम्पन्न कराए गए।

शेष पृष्ठ 6 पर...

## ब्रीफ न्यूज

### कड़ी सुरक्षा के बीच 30 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

जम्मू। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते दो वर्ष तक बाबा अमरनाथ की वार्षिक यात्रा बंद रही, जो इस साल 30 जून से 11 अगस्त को आयोजित की जाएगी। अभी से यात्रा के लिए जोरों शोरों से तैयारियां शुरू कर दी गई है। यात्रा की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार यानी आज शीर्ष प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक की गई, जिसमें कई अहम फैसले लिए गए हैं। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के सीईओ नीतीशवार कुमार ने बताया कि इस बार अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा का बंदोबस्त किया जाएगा।

### अमेरिकी चेतावनी को दरकिनार कर भारत रुस से बढ़ाएगा कारोबार

नई दिल्ली। अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबाव के बीच भारत ने रूस से व्यापार को बढ़ाने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि भारत रूस से अतिरिक्त दो अरब डॉलर का निर्यात बढ़ाने वाला है। रूस पर लगे प्रतिबंधों के कारण दोनों देश अपने व्यापार को स्थानीय मुद्रा में आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। यूक्रेन पर हमले को लेकर अमेरिका और कई यूरोपीय देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं और कई जरूरी सामानों की शिपमेंट रोक दी है। भारत रूस को उन सामानों की शिपमेंट भेजने की तैयारी कर रहा है।

### गुजरात कांग्रेस उपाध्यक्ष आप में शामिल, अब होगा हार्दिक का स्वागत

अहमदबाद। कांग्रेस ने 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को 99 सीटों पर ही सीमित कर दिया था, तब उम्मीद की जा रही थी कि शायद 2022 में वह सत्ता के लिए लड़े। लेकिन इसबार उसकी हालत पहले से भी कमजोर नजर आ रही है। अहमद पटेल, राजीव सातव जैसे नेताओं के निधन और राज्य की यूनिट में आपसी कलह से कांग्रेस जूझ रही है। इस बीच कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के सबसे अमीर विधायक रहे इंद्रनील राजगुरु ने पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। अहम बात यह है कि एक महीने पहले ही कांग्रेस ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी।

### ट्रक की टक्कर से कार बनी आग का गोला, 3 दोस्त जिंदा जले

पानीपत। पानीपत के इसराना में दर्दनाक हादसा हुआ। पानीपत रोहतक हाईवे पर ट्रक ने कार को टव ?कर मार दी। जिससे कार में आग लग गई। कार सवार तीन लोग जिंदा जल गए। करीब 45 मिनट तक कार जलती रही।

### पीएम आज करेंगे भगवान हनुमान जी की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

नई दिल्ली। शनिवार 16 अप्रैल को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहीं हनुमान जन्मोत्सव के दिन, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के मोरबी में भगवान हनुमान की 108 फीट की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।



**अपीएम का भुजवासियों को तोहफा | 200 बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया, कहा-**

# भूकंप के बाद नई किस्मत लिख रहे हैं भुज के लोग

**एजेंसी, भुज**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के भुज को बड़ा तोहफा दिया है। पीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भुज में केके पटेल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। 200 बिस्तरों वाले इस अस्पताल का निर्माण श्री कच्छी लेवा पटेल समाज की ओर से किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह 200 बिस्तरों वाला कच्छ का पहला धर्मार्थ सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है। अस्पताल के उद्घाटन के बाद पीएम ने अपने संबोधन में कहा, झस्वास्थ्य से जुड़े इतने बड़े कार्यक्रम के लिए कच्छवासियों और गुजरात को बहुत बहुत बधाई। भूकंप से मची तबाही को पीछे छोड़कर भुज और कच्छ के लोग अब अपने परिश्रम से इस क्षेत्र का नया भाग्य लिख रहे हैं। आज इस क्षेत्र में अनेक आधुनिक मेडिकल सेवाएं मौजूद हैं। इसी कड़ी में भुज को आज एक आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मिल रहा है।

**देश को मिलेंगे रिकार्ड डाक्टर**

मोदी ने कहा कि देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का लक्ष्य हो या फिर मेडिकल एजुकेशन को सबकी पहुंच में रखने के प्रयास, इससे आने वाले 10 सालों में देश को रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलने वाले हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीजों के लिए सुविधाएं और बढ़ेंगी। आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से आधुनिक और क्रिटिकल हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को जिला और ब्लॉक स्तर तक पहुंचाया जा रहा है।

**सीएम योगी कानून व्यवस्था को लेकर काफी सक्रिय**

### पुलिस थानों में स्वच्छ वातावरण होना चाहिए ताकि

# लोग बगैर डर के अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकें

**एजेंसी, ऊ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दूसरे कार्यकाल में कानून व्यवस्था को लेकर काफी सक्रिय है योगी ने कहा कि पुलिस थानो में आम लोगों के लिए स्वच्छ वातावरण होना चाहिए ताकि वे बगैर डर के अपनी शिकायतों को दर्ज करा सकें वहीं अभियान चँला कर अपराधी तत्वों पर नकेल कसी जाए। योगी ने शुक्रवार को प्रदेश की कानून-व्यवस्था के सुद्दढ़ीकरण, सुशासन एवं शांति-व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस थाने में आम जनता के लिए स्वच्छ वातावरण स्थापित हो। जनसामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेयजल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और अपराधियों के प्रतिँ कठोर अभियान चलाकर सुरक्षा-सुशासन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।



**स्वच्छ पेयजल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए**

सीएम योगी ने कहा कि पुलिस थाने में आम जनता के लिए स्वच्छ वातावरण स्थापित करते हुए जनसामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेयजल व प्रसाधन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आम जनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिये थाने पर आ सके। थाने को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के साथ साथ वृक्षारोपण आदि के कार्य कराए जाय। साथ ही प्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं अपराधियों के प्रति कठोर अभियान चलाकर सुरक्षा- सुशासन व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय।

**थाना राजघाट परिसर के जीर्णोद्धार किया गया**

अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि गोरखपुर के थाना राजघाट में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रणधीर कुमार मिश्रा द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेकर पूरे थाना स्टाफ के साथ मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुए स्थानीय जनता के सहयोग से थाना राजघाट परिसर के जीर्णोद्धार के लिए कार्य किया गया जिसके परिणामस्वरूप थाना -परिसर का कायाकल्प हो गया। उन्होंने कहा कि मिश्रा ने आगंतुक -कक्ष, थाना -कार्यालय, महिला हेल्प- डेस्क आदि सभी स्थानों को काफी अच्छे तरीके से व्यवस्थित एवं पुनर्निर्मित कराया गया।

**खंडवा में बरसे केन्द्रीय मंत्री गिरिराज | कुछ लोग कर रहे हैं**

# देश को इस्लामिक राष्ट्र बनाने की साजिश, उन्हें बेनकाब करना जरूरी

**एजेंसी, खंडवा**



मध्य प्रदेश के खंडवा पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने खरगोन हिंसा पर बोलते हुए कहा कि यह संयोग नहीं प्रयोग है। इस तरह की हिंसा कर प्रयोग किए जा रहे हैं। गिरिराज ने ओवैसी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या अब रामनवमी का जुलूस भी ओवैसी से पूछकर निकालना पड़ेगा। उनहोंने कहा कि कुछ लोग देश को इस्लामिक राष्ट्र में बदलने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसी शक्तियों को बेनकाब करने और उनसे सख्ती से निपटने की जरूरत है। गिरिराज सिंह आजादी के पहले हुए बंटवारे को लेकर भी विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा बंटवारा हमारे पूर्वजों की गलती है। जब मुसलमानों को अलग मुल्क दे दिया था तो देश में मुसलमान क्यों बचे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा मुझे मुस्लिम आबादी से नहीं, बल्कि ऐसी कट्टरपंथी सोच से नफरत है, जो 1947 की आजादी के बाद देश को बांटने का प्रयास कर रही है।

**वे लोग तय कर रहे हैं कि रामनवमी का जुलूस कहां से निकलेगा**

दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे लोग तय कर रहे हैं कि रामनवमी का जुलूस कहां से निकलेगा। गिरिराज सिंह ने कहा हिंदुस्तान को गली-मोहल्ला में नहीं बंटने देंगे। खंडवा पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा बिहार का सरजील इस्लाम असम को काटने की बात करता है। तो गोरखपुर में मुर्तुजा मंदिर में हमला करने पहुंच जाता है। वहीं उन्होंने खरगोन का जिक्र करते हुए कहा कि खंडवा के पड़ोस में जो हुआ वह मात्र संयोग नहीं है। वह एक तरह का प्रयोग है।

### मनरेगा से 5 लाख गरीबों को योगी सरकार देगी लाभ

लखनऊ। अगर आप अपने गांव में खेती और पशुपालन से जुड़ा छोटा व्यवसाय कर रहे हैं तो सरकार आपको मनरेगा की व्यक्तिगत लाभार्थी योजना के तहत मदद करेगी। इस योजना में सरकार आपके कोराबार को बढ़ाने के लिए 2 लाख रु तक खर्च करेगी। सरकार ने इस योजना में 5 लाख गरीबों को लाभ देने का फैसला किया है। यूपी में मनरेगा योजना शुरू होने के बाद पहली बार लाभार्थीपरक कार्यों के लिए पांच लाख का लक्ष्य रखा है। इसका मूल उद्देश्य गरीबों को उनके गांव घर पर ही उनके द्वारा किए जा रहे छोटे-मोटे काम को बढ़ाने में सहयोग व सहायता मुहैया कराना है। जिससे सीधे तौर पर उनकी आय में वृद्धि होगी। ग्राम्य विकास विभाग के मुताबिक पिछले 5 साल में 6.63 लाख लाभार्थी परक काम कराए हैं। मनरेगा के तहत लाभार्थीपरक कार्यों में मछली पालन के लिए तालाब का निर्माण, रेशम उत्पादन, बकरी शेड, मुर्गी पालन शेड, सूअर पालन के लिए बाड़े का निर्माण, कुएं का निर्माण आदि शामिल हैं।

**कोविड से बच्चों को डरने की जरूरत नहीं | बायोमेडिकल साइंटिस्ट बोलीं-**

# एक्सई खतरनाक नहीं, पेरेंट्स चिंता न करें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली-एनसीआर में स्कूली बच्चों के कोरोना संक्रमित होने की खबरों के बीच राहत के संकेत मिले हैं। देश की प्रमुख बायोमेडिकल साइंटिस्ट डॉ. गगनदीप कंग ने कहा है कि कोविड से अभी बच्चों को खतरा नहीं है, इसलिए पेरेंट्स ज्यादा परेशान न हों। उन्होंने यह भी कहा कि ओमिक्रॉन का एक्सई वैरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है। डॉ. कंग ने बातचीत में कहा- ओमिक्रॉन एक ऐसा वायरस है जो श्वास सिस्टम के निचले हिस्से की जगह ऊपरी हिस्से में ज्यादा इफेक्ट डालता है। इसके लक्षण ऊपरी श्वसन पथ के संक्रमण, बुखार, बेचैनी होंगे, जो इतने गंभीर नहीं है, जिसके कारण लोगों की हालत गंभीर हो और उन्हें अस्पताल जाना पड़े।

**अभी चौथी लहर नहीं है**

उन्होंने कहा- कोरोना के लक्षणों को लेकर भी भ्रम रहता है। मीडिया में कोरोना की बातों को हाइलाइट तो किया जाता है, लेकिन लक्षणों और खतरों की बात नहीं की जाती है। अभी आ रहे मामलों को चौथी लहर की दस्तक नहीं कह सकते हैं। लेकिन, लोगों को फिर से कोविड संक्रमण के लिए तैयार रहना चाहिए, चाहे वे पहले संक्रमित हो चुके हों या वैक्सीन लगवा चुके हों।

### खरगोन के बाद अब गुजरात के खंभात में हिंसा के आरोपियों की संपत्ति पर चला बुलडोजर

गांधीनगर। गुजरात के खंभात में रामनवमी के जुलूस पर पथराव के बाद हिंसा फैली थी। अब खंभात में जिला प्रशासन ने हिंसा के आरोपियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दिया है। स्थानीय प्रशासन ने हिंसा की जगह स्थित दुकानों को तोड़ दिया है। ज्ञात हो कि रामनवमी के अवसर पर खंभात में हुई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इससे पहले मध्यप्रदेश के खरगोन में भी रामनवमी के अवसर पर भड़की हिंसा के आरोपियों और पत्थरबाजों की अवैध संपत्तियों को प्रशासन ने गिरा दिया था। बताया जाता है कि दरगाह के सामने स्थित दुकानों को पुलिस प्रशासन ने बुलडोजर चला कर तोड़ दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात की गई। इसके अलावा एसडीएम समेत तमाम बड़े अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों का कहना है कि ये संपत्तियां अवैध थीं और यहां आपराधिक गतिविधियां हो रही थीं। इसी वजह से एक्शन लिया गया।

## » न्यूज कैप्सूल »

### दो बच्चों के असमय निधन पर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शोक व्यक्त किया

**सागर।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सागर जिले के बांदरी क्षेत्र में ग्राम गढ़ौली में दो बच्चों के कुएं में डूबकर निधन की खबर पर शोक व्यक्त किया है। मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने अपने शोक संवेदना संदेश में कहा है कि दो बच्चों के आकस्मिक निधन की यह खबर अत्यंत दुखद, पीड़ादायक है। मन व्यथित और हृदय शोक से भरा हुआ है। पीड़ा की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

### धतूरा में मनाई गई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती



**मैहर।** ग्राम धतूरा में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा ने पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमां पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवर पर उन्होंने बाबा साहेब को राष्ट्रीय चेतना में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें देश का महानतम सेवाभावी नायक बताया। इस अवसर पर सर्वांग सामाजिक विकास परिषद् के अध्यक्ष पंकज मिश्रा, रजनीश शर्मा, इंद्रपाल सिंह, गोरेलाल साकेत, प्रहलाद सिंह, राकेश साकेत एवं सूरज साकेत सहित काफी संख्या में बाबा साहेब के अनुयाई उपस्थित रहे।

### नवदीप समृद्धि जनकल्याण समिति द्वारा निःशुल्क शर्बत वितरण




**मैहर।** षारदेय नवरात्रि के पर्व पर समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था नवदीप समृद्धि जन कल्याण समिति द्वारा गर्मी को देखते हुए निःशुल्क पानी व बिस्कुट के साथ पुदीना गन्ने का शर्बत दर्षनार्थियों को वितरित किया गया। जिसकी दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने बहुत प्रशंसा की और इस प्रशंसनीय कार्य के लिए चेयरमैन नागेन्द्र सिंह एवं दीप्ति सिंह की सराहना की। इस पुनीत कार्य में रोज शर्बत आदि का वितरण ममता व विजय द्वारा किया गया। अष्टमी के दिन पूड़ी लड्डू व फल आदि कन्याओं को बांटा गया। इस संस्था द्वारा समय-समय पर कहीं वृद्धजनों की मदद तो गरीब व अनाथ बच्चों की मदद की जाती है। कोरोना काल में मां की रसोई के संचालन से प्रतिदिन 250-300 लोगों को स्वादिष्ट व्यंजन मात्र पांच रूपए में स्वाभिमान राशि के साथ खिलाया गया जिसमें शहर के नागरिकजन लाभान्वित हुए।

### बहुप्रतीक्षित कीर्तिमान का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

#### कितने कीर्तिमान हैं पुस्तक का विमोचन




**मैहर।** कीर्तिमान की 41 वीं प्रस्तुति अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 16 अप्रैल शनिवार को रात्रि 8 बजे से फुटबॉल ग्राउंड मैहर में आयोजित है। विंध्य संभाग के इस सर्वाधिक लोकप्रिय आयोजन में परंपरागत देश के ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठित कवि गीतकार शायर एवं हास्य व्यंग्यकार अपनी अनूठी रचनाओं से संभाग के काव्य सुधी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध और गदगदायमान करते हैं। आज 16 अप्रैल को आयोजित काव्य यज्ञ में देश के सर्वाधिक लोकप्रिय ओजस्वी कवि शशिकांत यादव देवास के संचालन में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना अलीगढ़, डॉ. भुवन मोहिनी इंदौर, डॉक्टर नदीम शाद अमरोहा, ओजस्वी कवि रामभदावर इटावा, सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्यकार मनोहर मनोज कटनी, जानी बैरागी धार, अनिल चौबे वाराणसी तथा मुन्ना बैट्री मंदसौर अपनी व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को लोटपोट करेंगे। महाकुंभ के अवसर पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया जायेगा जिसका शीर्षक है कितने कीर्तिमान। किताब का विमोचन आज दोपहर 12 बजे से स्थानीय सरना पैलेस में विधायक नारायण त्रिपाठी, देश के सुप्रसिद्ध गीतकार डा. विष्णु सक्सेना, देश के शीर्षस्थ मंच संचालक शशिकांत यादव, कवि मनोहर मनोज एवं डा, बृजेश द्विवेदी की उपस्थिति में होगा। कीर्तिमान संस्था के संयोजक सचिव डॉ. कैलाश जैन ने विंध्य संभाग के सभी काव्य रसिक श्रोताओं से काब्यरस का आनंद उठाने कि अपील की है।

# अखिल भारतीय सोनी समाज परिचय महाकुंभ एवं वृहद विवाह सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री एवं सांसद

**सागर।** आज सागर में श्रीअयोध्यावासी सोनी समाज द्वारा अखिल भारतीय सोनी समाज परिचय महाकुंभ एवं वृहद विवाह सम्मेलन आयोजन अवसर पर प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह एवं सागर सांसद श्री राजबहादुर सिंह ने शामिल होकर नवदंपति को दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी ।

इस अवसर पर राजीव सोनी द्वारा मंत्री श्री सिंह एवं सागर सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया ।

दो दिन चले परिचय सम्मेलन के उपरांत आज विवाह सम्मेलन में







सोनी समाज के स्वजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

इस अवसर पर सोनी समाज के विनोद सोनी, संजय पंडा, प्रेमनाथ सोनी, कमलेश सोनी, मथुरा प्रसाद सोनी, गोपाल सोनी, माधव सोनी, जमुना प्रसाद सोनी, मनीष सोनी, सूरज सोनी, सहित जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, लक्ष्मण सिंह, श्याम तिवारी, यश अग्रवाल एवं मनोज नामदेव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

### आंदोलन करो, भीड़ जुटाओ, टिकट पाओ

**भोपाल।** प्रदेश में एक बार फिर से नगरीय निकाय चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इसलिए वक्त शक्ति प्रदर्शन का है। धरना प्रदर्शन में भीड़ नहीं जुटी तो किरकिरी हो जाएगी इसलिए राजनीतिक दल हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस ने एक नया रास्ता निकाल लिया है। उसने साफ कह दिया है कि धरना प्रदर्शन में जो दावेदार भीड़ लेकर आएगा पार्षद का टिकट उसे ही मिलेगा। मिशन 2023 की तैयारी में लगी कांग्रेस को अपने आंदोलनों में भीड़ न जुटने से हार की चिंता सताने लगी है। इसलिए कांग्रेस ने भीड़ जुटाने और लोगों को कांग्रेस से जोडने् के लिए एक नया उपाय अपना लिया है। कांग्रेस महंगाई के विरोध में वॉर्ड स्तर पर धरना प्रदर्शन करने जा रही है।

# शराब पकड़ने गई आबकारी पुलिस के वाहन ने 2 वर्षीय आदिवासी बालक को कुचला मौत




### ग्रामीणों ने आबकारी पुलिस को बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा बोलेरो गाड़ी में लगाई आग

**हरदा।** थाना छीपाबड़ अंतर्गत ग्राम सोनपुरा में आपकारी पुलिस द्वारा दबिश देने गई थी आदिवासी मोहल्ले में आबकारी विभाग की गाड़ी ने एक डेढ़ वर्ष के बालक को कुचल दिया जिस ने अस्पताल में दम तोड़ दिया जानकारी के अनुसार सोनपुरा आदिवासी मोहल्ले में रहने देवेंद्र पिता बिरेंद्र आदिवासी कोरकु उम्र 2 वर्ष निवासी सोनपुरा की मौत हो गई है जिस पर ग्रामीण उग्र होकर वाहन को आग लगा दी है आबकारी विभाग की पुलिस को बंधक बुरी तरह तरह पीटा है कुछ लोग भाग गए हैं 5 पुलिस वाले पकड़ने की जानकारी हैं बड़ी संख्या में



ग्रामीण इकट्ठे हो गए हैं छीपाबड़ पुलिस मौके पर पहुंची है जिसमें जानकारी मिली है कि आपकारी विभाग की लापरवाही से बालक की मौत हुई है घटना से ग्रामीणों में रोष है बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए हैं खबर लिखे जाने तक बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा था।

# खुरई का विकास प्रदेश के लिए उदाहरण बन गया है: लखन सिंह





### भूपेंद्र सिंह पर जनता ने भरोसा किया तो भूपेंद्र सिंह ने उनके भरोसे को पूरा कर रहे हैं: लखन कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में 97 लोगों को मिला आवास अधिकार पत्र

**खुरई।** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत 97 आवासों के अधिकार पत्र हितग्राहियों को सौंपे गए।ये अधिकार पत्र वार्ड में आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि मंत्रीप्रतिनिधि लखनसिंह ने हितग्राहियों को दिए।इसके अलावा लखन सिंह ने 25 लाख से बनने वाली सी सी रोड और नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम के दौरान नीट की परीक्षा पास कर नगर का नाम रोशन करने वाले भाई बहन भारती अहिरवार, और पुष्पेन्द्र अहिरवार को मंत्री भूपेंद्र सिंह द्वारा घोषित 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि लखनसिंह सिंह ने मंच से भेंट की अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में पहुंचे लखन सिंह का वार्ड पार्षद कल्लू यादव ने शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया इसके अलावा वार्डवासियों ने भी लखनसिंह को माला पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर वार्डवासियों को संम्बोधित करते हुए लखनसिंह ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे एक ऐसा वार्ड है जहां आवासों की स्वीकृति शतप्रतिशत हो गई है।वार्ड में 700 आवास स्वीकृत हो चुके हैं और जो पात्र लोग रह गए हैं उन्हें भी जल्द आवास मिलेंगें।लखनसिंह ने कहा कि अगले कुछ सालों में खुरई को हर प्रकार की समस्याओं से मुक्त कर दिया जाएगा अब तक जो काम कांग्रेस की सरकार व यहां के नेताओं ने नहीं किये वो आपके मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कर दिखाए हैं अगर कांग्रेस ने विकास किया होता लोंगों की मदद की होती तो हम लोग 60 किलोमीटर दूर से आकर चुनाव और आपका दिल नहीं जीत पाते।परन्तु जब जनता ने जिताया तो भूपेंद्र सिंह ने जनता के विश्वास को पूरा भी किया है।आज भूपेंद्र सिंह के विकास कार्यों के लिए खुरई मध्यप्रदेश में एक उदाहरण बन गई है।सीधे सीधे आमजनता की सुविधा के लिए करोड़ों रुपए के काम पूरी विधानसभा में चल रहे हैं।अभी अभी सीवर प्लांट के लिए 176 करोड़ रुपए मंत्री जी ने स्वीकृत कराएं हैं जिससे नगर की सारी गंदगी पाइप लाइन से नगर से बाहर की जाएगी। नालियों की गंदगी टैंकों की गंदगी ओवर फ्लो की बदबू से फैलने वाली बीमारियों से बचाव होगा ये प्लांट बड़े बड़े शहरों में होते हैं जो अपने खुरई में लग रहा है।लखनसिंह ने कहा कि गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं को फिर शुरू किया गया जिन्हें कांग्रेस की सवा साल की सरकार ने बन्द कर दिया था।लखन सिह ने कहा कि 3 मई को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन खुरई में हो रहा है जो लोग अपनी बेटियों की शादी करना चाहते हैं नगरपालिका व जनपद में आवेदन कर सकते हैं।वार्ड वासियो की मांग पर लखन सिंह ने वार्ड में पार्क निर्माण व मन्दिर निर्माण के काम जल्द शुरू करने के निर्देश सी एम ओ दुर्गेश सिंह को दिए इस इस मौके पर वार्ड पार्षद कल्लू यादव ने मंत्री भूपेंद्र सिंह व लखनसिंह का कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में किए गए विकास कार्यो सुविधाओं के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि वार्ड का हर वासी भूपेंद्र भैया के साथ है जब समय आएगा हम दिखा देंगें और बार बार भूपेंद्र भैया को विधायक बनायेगें क्योंकि लोगों को भूपेंद्र भैया पर ही भरोसा है।भूपेंद्र भैया ने नगर की गरीब जनता के हालात बदल दिए अब किसी पर विश्वास का सवाल ही पैदा नहीं होता।

# छात्रावास में हुई छात्र की संदिग्ध मौत

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के राबर्ट लाइन क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास में एक 14 वर्षीय छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर के करियापाथर घमापुर क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय मयंक पिता सुरेन्द्र बर्मन राबर्ट लाइन क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता था। बताया जाता है कि गुरूवार की रात वह रोज की तरह रात्रि भोजन के बाद छात्रावास के अन्य बच्चों के साथ सोया। इसके बाद कल सुबह जब वह सोकर नहीं उठा तो बच्चों ने इसकी सूचना छात्रावास प्रबंधन को दी। छात्रावास प्रबंधन उसे बेहोशी की हालत में जिला चिकित्सालय लेकर आया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया।

### छात्रावास के पोषण आहार पर सवाल

एक जानकारी में बताया जाता है कि छात्रावास में रहते हुए मयंक बहुत



कमजोर हो गया था तथा उसके शरीर में खून भी नाममात्र का बचा था। ऐसे में छात्रावास में रहने वाले छात्रों को मिलने वाली डाइट पर भी सवाल उठ रहे हैं। मयंक की मौत से ये लगता है कि छात्रावास में रहने वाले बच्चों को भोजन तो दिया जाता है लेकिन उसमें पौष्टिकता की कमी रहती है।

### तीन अधिकारियों का दल करेगा छात्र की मृत्यु के कारणों की जांच

जिले के रॉबर्ट लाईन माधवनगर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक आवासीय छात्रावास में रहकर सातवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र मयंक बर्मन पिता पप्पू बर्मन की शुक्रवार 15 अप्रैल को सुबह अचानक तबियत खराब होने से हुई मृत्यु की जांच के लिये अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने तीन अधिकारियों का जांच दल गठित किया है। अधिकारियों को वस्तुस्थिति की जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर सौंपने के निर्देश दिये गये हैं।

जांच दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, जिला शिक्षा अधिकारी और आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक को शामिल किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि छात्रावास की वॉर्डन सरिता तिवारी के द्वारा कार्यालय को 15 अप्रैल को दूरभाष पर सूचित किया गया कि छात्र मयंक बर्मन की सुबह अचानक तबियत खराब होने पर उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स द्वारा छात्र मयंक को मृत घोषित कर दिया गया। मयंक रॉबर्ट लाईन माध्यमिक शाला के सातवीं कक्षा में पढ़ता था।

# कृषि मंत्री कमल पटेल पहुंचे 11 वर्ष 11 महीने 11 दिन के चित्रकूट धाम

### किए भगवान कामतानाथ के दर्शन पूजा -अर्चना और आरती के उपरांत पटेल ने की सभी के कल्याण की कामना



**हरदा सतना/ भोपाल।** किसान नेता एवं मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल शुक्रवार को चित्रकूट धाम पहुंचे। जहा उन्होंने भगवान कामतानाथ जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की। मंत्री पटेल ने मध्य प्रदेश की उन्नति, प्रगति, खुशहाली के साथ देश और प्रदेश के किसानों के कल्याण की कामना की।*

*गौरतलब है कि मंदाकिनी नदी के तट पर बसा चित्रकूट धाम भारत के सबसे प्राचीन तीर्थस्थलों में एक है। कहते है यहा भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के दौरान माता सीता और अनुज लक्ष्मण के संग 11 वर्ष 11 माह 11 दिन बिताए थे। मध्यप्रदेश और उत्तर-प्रदेश की सीमा पर बसी संतों की नगरी को चित्रकूट कहते है। विंध्य की पर्वत मालाओं पर चहुंओर प्रकृति और ईश्वर की अनुपम देन है। वनों से घिरे चित्रकूट को अनेक आश्चर्यों की पहाड़ी कहा जाता है।कामदगिरी पर्वत पर स्थित कामतानाथ मंदिर का खास धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस मंदिर के दर्शन करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। कामदगिरि पर्वत पर कई दूसरे मंदिर भी मौजूद हैं।

# नगर को शिखर पर पहुंचाने निगम के प्रयास जारी

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के निर्धारित मानदंडों पर शत प्रतिशत खरा उतरकर नगर को उच्च शिखर के स्थान से नवाजने हेतु निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया की जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के निर्धारित पैरामीटर्स अनुरूप विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से आमजन को अवगत कराने हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत कल शुक्रवार को निगम के गठित दल द्वारा के कर्मचारियों द्वारा नगर के विभिन्न व्यवसायिक एवं रहवासी स्थलों में नागरिकों को सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण



बिंदु नागरिक प्रतिक्रिया एवं फीडबैक के विभिन्न माध्यमों, लिंक की जानकारी प्रदान कर पूछे जाने वाले प्रश्नों का नगर हित में सकारात्मक जवाब देने की अपील की गई।

# कूटरचित दस्तावेजों से करा ली प्लाट की रजिस्ट्री

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने जमीन के कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बिक्री करने के आरोप में एक महिला सहित दो लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। माधवनगर थाना में पदस्थ मामले के विवेचना प्रभारी उपनिरीक्षक एम.एल.करण ने बताया कि एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम पड़रिया निवासी महेन्द्र दुबे ने अपनी पुत्री नीतू दुबे के अविवाहित रहते उसके नाम पर अमीरगंज क्षेत्र स्थित शुभ सिटी के पास एक प्लाट लिया था। बाद में नीतू की शादी छपरवाह निवासी डॉ. मनोज शुक्ला से हो गई और पति के भोपाल में प्रोफेसर होने के कारण वो भोपाल शिफ्ट हो गई। बताया जाता है कि नीतू के इस प्लाट पर हेमंत पिता बी.एल.गुप्ता की नजर थी। लिहाजा वो नीतू पर प्लाट बेचने के लिए दबाव बनाने लगा और जब वह अपने मंसूबे पर कामयाब नहीं हुआ तो उसने एक अन्य महिला नीतू पति राजकुमार तिवारी के साथ मिलकर प्लाट के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर प्लाट की अपने नाम रजिस्ट्री करा ली। इस बात की जानकारी लगने के बाद नीतू शुक्ला के द्वारा पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए हेमंत गुप्ता व नीतू तिवारी के विरूद्ध धोखाधड़ी व कूटरचना का मामला धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत दर्ज कर लिया है।

» न्यूज कैप्सूल »

## संघ स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

**मऊरानीपुर।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पद संचलन निकला। जिसकी शुरुआत संघ कार्यालय से हुई और नगर भ्रमण के पश्चात सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पर समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान भारतीय संस्कृति का प्रतीक भगवा ध्वज को गौरव सबसे आगे चल रहे थे। जिला शारीरिक प्रमुख शिवम के निर्देश में दिव्य घोष का वंदन किया जा रहा था। स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर पद संचलन कर रहे थे। इस मौके मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाहक ओम नारायण ने बाबा साहब के विचारों के साथ समानता के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर डालचंद घनघौरिया, अनिल सोनी, महेंद्र सह जिला संघचालक, जयप्रकाश गंगेले, बलराम पाठक जिला प्रचारक, श्रतु राज नगर प्रचारक, रंजीत, हरेंद्र, राजेंद्र जोशी, सौरभ, पंकज, राम किशोर साहू, महेंद्र पाठक, अखिलेश सेठ, चंचल कंथरिया, आशीष कौशिक, दिनेश राजपूत, दीपक कुशवाहा, पिंटू गोस्वामी, सतीश तिवारी, हरी मोहन दुबे, आनंद सिंह परिहार, अभिनव श्रीधर, वीरेंद् अग्रवाल सहित आदि शामिल रहे।

## विद्युत करंट लगने से एक व्यक्ति की हालत गंभीर

**मऊरानीपुर।** विद्युत करंट लग जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार लालाराम पुत्र नन्नाई निवासी ग्राम स्यावरी को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। बताया गया कि विद्युत करंट लग जाने से हालत बिगड़ गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## दलित के साथ गाली-गलौज कर की मारपीट

**मऊरानीपुर।** एक व्यक्ति द्वारा एक दलित व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने की शिकायत पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से की। जानकारी के अनुसार ग्राम बेरवई निवासी ब्रजभान अहिरवार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 10 अप्रैल को वह अपनी बकरियां चराने के लिए गया था। तभी ग्राम ककवारा निवासी एक दबंग व्यक्ति ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसे जमीन पर पटक कर लात घूंसों से मारपीट कर जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। जिसकी शिकायत करने वह थाना टोड़ी फतेहपुर में गया था। लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी। प्रार्थना पत्र में दलित व्यक्ति ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से उक्त दबंग आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## मॉडल ग्राम पंचायत के अंतर्गत चयन

**मऊरानीपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मॉडल ग्राम पंचायत योजना के अंतर्गत मऊरानीपुर ब्लॉक के पंचायत ढकरवारा का चयन जिला स्थानीय अधिकारियों द्वारा किया गया। इसमें ढकरवारा प्रधान अशोक कुशवाहा को पंडित दीनदयाल संग्रहालय लखनऊ में दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया है। ग्राम पंचायत का चयन मॉडल ग्राम के रूप में होने से ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। तथा जिला प्रशासन व शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अंबेडकर जयंती पर बुद्ध विहार में किए गए कार्यक्रम आयोजित

**मऊरानीपुर।** अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में बुद्ध बिहार में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रथम दिन मंगल पाठ, दूसरे दिन सुबह 7:00 बजे से मेला ग्राउंड में रन फॉर अंबेडकर की शुरुआत हुई। सूर्या बौद्ध के संयोजन में लोगों को खीर वितरित की गई। राइट विजन वेलफेयर फाउंडेशन बुद्ध जन कल्याण समिति के तत्वधान में सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में फलों का वितरण किया गया। तथा शाम के समय अंबेडकर तिराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित अर्पित की गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष बी पी कनौजिया, पूर्व विधायक प्रागीलाल अहिरवार, राजेंद्र राहुल, भगवानदास, छक्की लाल, दयाराम सुमन, बृजभान सुमन, सत्य प्रकाश अम्बेडकर, बाबूराम, रानू रतमेले, प्रताप बोद्ध, राजू कुशवाहा, साबिर खान, राकेश श्रीवास सहित आदि लोग शामिल रहे।

## अग्नि शमन दल ने निकाली जागरूकता रैली

**मऊरानीपुर।** उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा ने शहीद दिवस के मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ नगर में एक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान आग से बचाव के बारे में जनमानस को जागरूक किया। अग्निशमन सेवा दल के साथ उप जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार चौरसिया, कोतवाली प्रभारी लोकेंद्र सिंह, अग्निशमन प्रभारी नरेंद्र मिश्रा सहित आदि शामिल रहे।

## नए गांवों को चिन्हित कर रोडवेज बसों से जोड़ने का लक्ष्य-परिवहन मंत्री

**महोंबा।** प्रदेश में योगी सरकार की दूसरी पारी शुरू होने के बाद अफसरों मंत्रियों का विकास कार्यो में तेजी लाने आम जन मानस को बेहतर जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलों के दौरे करना शुरू कर दिया है। पिछले सप्ताह जल जीवन मिशन के राज्य मंत्री के महोंबा दौरे के बाद अब परिवहन राज्य मंत्री का महोंबा दौरा हुआ जिसमें उन्होंने पारदर्शिता के साथ तेज काम का स्पष्ट संदेश अफसरों को दिया ताकि आम जनता के विश्वास पर योगी सरकार खरी उतर सके।शुक्रवार को जिले के दौरे पर आए परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य है कि हर गरीब के चेहरे पर मुस्कराहट लाई जाए पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध हो बेहतर परिवहन सुविधाएं दी जाए ताकि लोगो को कहीं भी आने जाने में असुविधा न हो। राज्य मंत्री ने कहा कि पांच साल के अंदर ऐसे गांवों को चिन्हित कर सभी को रोडवेज बस सुविधा से जोड़ा जाएगा जहां ग्रामीणों को पैदल चलकर बस के लिए आना पड़ता है। हर गांव बस सेवा से जोड़ने की दिशा में काम करते हुए प्रदेश में 2 हजार नई बेस चलाई जाएंगी। आरटीओ आफिस के कामो में पारदर्शिता लाने के लिए सब कुछ ऑनलाइन किया जा रहा है हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के परिवहन विभाग के कामो की सभी सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध रहेंगी। कोई भी आरटीओ अफसर समय पर आम जनता के काम नही करता यो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि रोडवेज बसों को समय से चलाना उनकी पहली प्राथमिकता है बस की अकारण लेट लतीफी बरदाश्त नही की जाएगी। विकास योजनाओं से जुड़े अफसरों को धरातल पर काम करना होगा। हिला हवाली पर अफसर नपेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल पारदर्शी विकास की है भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने की है, जिस पर अमल करवाया जा रहा है। शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य पर सरकार का फोकस रहेगा जिसकी हर समय समीक्षा की जाएगी। काम कर के वाले अफसरों को अच्छी पोस्टिंग के साथ लापरवाह अफसरों पर शिकंजा कसा जाएगा। राज्य मंत्री के साथ एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर,विधायक राकेश गोस्वामी डीएम मनोज कुमार सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# क्रेशर पर महिला के साथ अभद्रता करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसराय।** महिला पर अभद्र टिप्पणी, छेड़खानी एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करना पड़ा मंहगा। महिला ने युवक की चप्पलों से की जमकर पिटाई। मामला पहुंचा गुरसराय थाने। गुरसराय पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ किया छेड़खानी, मारपीट, जान से मारने की धमकी, एससीएसटी सहित विभिन्न धाराओं में किया मामला दर्ज।

थानाध्यक्ष गुरसराय अरुण कुमार तिवारी को दिये प्रार्थना पत्र में मुन्नी देवी निवासी ग्राम हैवतपुरा थाना गरौठा ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। शुक्रवार की सुबह प्रात: 8 बजे सुशील स्टोन क्रेशर नं. 1 हबूपुरा पर वह मजदूरी करने गई थी। तभी वहां पर राममिलन परिहार गरौठा निवासी द्वारा महिला के साथ अश्लील हरकतें तथा बुरी नियत से पकड़ कर अभद्रता करने का प्रयास किया गया। जिसके चलते वह महिला चिल्लाई उसकी आवाज व शोर गुल सुनकर वहां मौजूद कर्मचारी एकत्रित हो गये और उक्त युवक को पकड़ लिया। घटना को लेकर महिला ने उक्त युवक को चप्पलों से जमकर पीटा। युवक द्वारा महिला को गंदी गालियों के साथ साथ जान से मारने की धमकी तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग भी किया गया। वहां एकत्रित कर्मचारी एवं भीड़ ने उस युवक को पकड़कर गुरसराय थाने ला रहे थे तभी रास्ते में कुछ अज्ञात लोग जबरजस्ती उसे लोगों के बीच से छुड़ा ले गये और गाली गलौज कर जान की धमकी देकर भाग गये। उक्त घटना को लेकर शिकायत कर्ता के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने राममिलन परिहार निवासी गरौठा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की गहन जांच पड़ताल जारी कर दी है। उक्त प्रकरण गुरसराय एवं गरौठा सहित जिला स्तर पर भी सुर्खियों में रहा है।

# खरैला में 12 से 18 साल के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगना शुरू



**मोठ।** विकासखंड की जरहाकलां ग्राम पंचायत के खरैला गांव में 12 से 18 साल के बच्चों को आज से कोरोना की वैक्सीन लगना शुरू हो गया है। इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक के सब लोग भी प्रिकॉशन डोज लगवा रहे हैं। इस अभियान को विकासखंड के कई स्कूलों में भी शुरू किया गया है।ग्राम पंचायत में तैनात एएनएम रीना यादव के अनुसार लगातार टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी ग्रामवासी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विगत दिवस 12 से 18 साल उम्र के बच्चों को इस अभियान से जोड़ा गया है। वहीं, ग्राम प्रधान संगीता यादव का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट के माध्यम से 12-14 आयु वर्ग के युवाओं और 60 से ऊपर के सभी लोगों से टीकाकरण कराने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री के आग्रह को सफल बनाने के लिए हमारी ग्राम पंचायत में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही पूरी ग्राम पंचायत को संतृप्त कर लिया जाएगा। हाल में पूरी दुनिया के साथ भारत में भी कोरोना मरीजों के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। जिसके मद्देनजर जरहाकलां ग्राम पंचायत में कोरोना से बचाव के पूरे इंतजाम किए जा रहे हैं।

## अंबेडकर जयंती पर उन्हें याद कर जीवन पर प्रकाश डाला




**टोडी फतेहपुर ( झांसी )।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोड़ी फतेहपुर में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंबेडकर जयंती पर विद्यालय के अनुदेशक शिक्षक रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने बाबा साहब के योगदान के बारे में बताया कि वह एक भारतीय विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे इसलिए उन्होंने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया और समाज को एक सूत्र में बाँधने का काम किया। विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा सृष्टि सोनी ने बाबा साहब की जीवनी के बारे में बताया कि वे अपने जीवन पर्यंत हमेशा संघर्ष करते रहे और बाबा साहब समाज को एक डोर में बांधने के लिए संकल्पित रहे।

## किया गया भूमि पूजन, बनेगा ब्रह्माकुमारी आश्रम



ब्रह्माकुमारी आश्रम के लिए भूमि पूजन करते अतिथि

**मऊरानीपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सम्पूर्ण नगर में व्यसन मुक्त समाज सेवाओं को आगे बढ़ाते हुए केंद्र प्रभारी बी के चित्रा बहिनजी ने बताया कि जीवन में सच्चे मन की खुश शांति के लिए राजयोग मेडिटेशन केंद्र की स्थापना नदी पार कटरा नई बस्ती में भी किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश पाठक (कथोले महाराज) एवं चित्रा बहिनजी द्वारा भूमि पूजन किया गया। आश्रम बनाने के लिऐ जमीन का योगदान आशीष गुप्ता ने किया। इस अवसर पर बी के दीक्षा,बी के आरती, बी के उषा माताजी, कु. मुनीक्षा, नारायण दाऊ, बच्चन पाठक, नंदू, नन्ना, रानी वाले, मेंबर,कल्याण पटेल, विनोद साहू, अशोक प्रजापति, अशोक अहिरवार, रामकिशुन श्रीवास, हरिदास साहू, पवन गुप्ता, सुधीर चौरसिया, सरोज चौरसिया,शिवकुमार प्रजापति, महेश अग्रवाल, राममिलन श्रीवास,सुमन साहू, सुनीता सक्सेना, मनोरमा, शांति,मुन्नी, मीरा पटेल, मीरा श्रीवास, नीता तिवारी, विनिता साहू आदि मौजूद रहे।

## तीन तहसीलदारों का स्थानांतरण

**झांसी।** जिला अधिकारी रविंद्र कुमार ने जिले के तीन तहसीलों के तहसीलदारों का स्थानांतरण कर दिया है। झांसी सदर के तहसीलदार मदन मोहन गुप्ता को मोंठ,मोंठ के तहसीलदार डॉक्टर लाल कृष्णा को झांसी ,मऊरानीपुर तहसीलदार वंदना कुशवाहा को गरौठा स्थानांतरित किया गया है।जिलाधिकारी ने स्थानांतरित तहसीलदारों को तुरंत पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

## ऊंचाई से गिरकर एक व्यक्ति घायल

**मऊरानीपुर।** ऊंचाई से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अर्जुन पुत्र रतन अहिरवार निवासी ग्राम खरका माफ़ को गंभीर रूप से घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया।

# धूप और भूख-प्यास से गोशालाओं में हो रही है मवेशियों की मौतें



**बाँदा/अतर्रा।** गोवंशों के लिए भूसा दान अभियान के बीच गोशालाओं में भूख प्यास, बीमारी, गर्मी व लू के थपेड़ों से मवेशियों की मौत हो रही है। ताजी घटना में तुर्रा गांव में स्थित अस्थायी गोशाला में दो दिन पूर्व तीन मवेशियों की मौत हो गई। इनके शव लावारिस अवस्था में पड़े रहे। पोस्टमार्टम नहीं हुआ। सोशल मीडिया में भी यह देखे गए। इस गोशाला का संचालन अतर्रा नगर पालिका परिषद करती है। तुर्रा स्थित अस्थायी गोशाला में आसपास के अन्ना मवेशियों को रखा गया है। यहां की देखरेख पालिका कर्मियों के जिम्मे है। आसपास के लोगों ने बताया कि तीन गोवंश की मौत हो गई। इनका पोस्टमार्टम भी नहीं कराया गया। मवेशियों को सूखा धान का पयार खिलाया गया। गर्मी और लू में अधिकांश मवेशी खुले आसमान तले मौसम की मार झेल कर जर्जर हो रहे हैं। चारा, भूसा और पानी की जितनी व्यवस्था होनी चाहिए उतनी नहीं है। बुधवार को गोशाला में सिर्फ 75 मवेशी थे, जबकि यहां के अभिलेखों में 115 दर्ज हैं।उधर,नगर पालिका ईओ राम सिंह ने बताया कि गोशाला में 50 क्विंटल भूसा का स्टाक है। 267 गोवंश हैं। तीन शिफ्टों में 10 कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है। सबमर्सिबल पंप से पानी की व्यवस्था है। कहा कि अलबत्ता जब कभी पंप खराब हो जाता है तो कभी समस्या हो जाती है। ईओ ने तीन मवेशियों की मौत से अनभिज्ञता जताई। कहा कि वह खुद अक्सर निरीक्षण करते हैं। गोशाला के प्रभारी लिपिक संतोष निगम हैं। उधर, उपजिलाधिकारी विजय प्रकाश तिवारी ने कहा कि वह जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे।तहसील अतर्रा के हड़हामाफी गांव की गोशाला में भी गोवंश की दुर्दशा है। इसकी शिकायत भाजपा नेता ने खुद की है। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि अस्थायी गोशाला में पानी, भूसा की व्यवस्था नहीं है। अब तक 100 से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है। बीमार मवेशियों के इलाज की व्यवस्था नहीं है। कई जर्जर मवेशियों को कुत्तों ने नोच डाला। आरोप लगाया कि प्रधान और सचिव कोई ध्यान नहीं दे रहे। न ही उन्हें सरकार की नीतियों की परवाह नहीं है। यहां लगभग 280 गायें हैं। अब करीब 30 बची हैं। उधर, भाजपा नेता ने डीएम को दिए पत्र में कहा है कि गोशाला की बदहाली की शिकायत करने पर उन्हें प्रधानपति द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि की धमकी दी जा रही है। निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# भीषण विद्युत कटौती से लोगों का हुआ जीना दूभर

**मऊरानीपुर।** भीषण गर्मी में विद्युत कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सुबह से ही आसमान से बरस रही आग के कारण लोग सड़कों पर निकलने से कतराने लगे हैं। गर्मी के कारण बीमारियां भी बढ़ रही हैं। वहीं विद्युत कटौती से नगर व क्षेत्र में पेयजल का संकट पैदा हो गया है। गर्मी में बिजली कटौती रात एवं दिन में बेहताशा की जा रही है। विगत रात्रि में बिजली गुल होने से लोगों को जाकर रात गुजारना पड़ी। ऐसे में लोग अनिद्रा का शिकार हो रहे हैं। रोजाना दिन व रात में की जा रही विद्युत कटौती के कारण गर्मी में आग में घी का काम कर रही है। गिरते जल स्तर एवं जल स्त्रोतों का रखरखाव न किए जाने का ही परिणाम है कि आग पेजल की भयावह स्थिति हो गई है। इंसान जहां पानी को भटक रहा है तो पशु, पक्षी, पेयजल के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। करोड़ों रुपया सरकारी योजनाओं के जरिए पानी की तरह बहाया गया। और ऐसे में कार्यदाई संस्थाएं एवं ठेकेदार तो मालामाल हो गए। पर करोड़ों रुपए ठिकाने लगने के बाद भी नदियां, सरोवर, कुएं एवं अन्य जल स्त्रोत आज भी प्यासे होकर पेयजल के लिए मोहताज बने हुए हैं। लेकिन हालातों से किसी ने कोई सबक नहीं लिया। और यदि अब भी नहीं चेते तो आगे पानी के लिए त्राहिमाम मचना निश्चित है। वही भीषण गर्मी में दिन और रात हो रही कटौती की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे लोग काफी परेशान बताए जा रहे हैं। रात व दिन में हो रही घोषित व अघोषित कटौती को लेकर नगर वासियों ने विधायक डॉ रश्मि आर्य व जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विद्युत कटौती पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

# इंटर स्टेट बॉर्डर पर बनेंगे इंट्रीग्रेटेड माल, टेक्स कलेक्शन सेंटर

**महोंबा।** अब जल्द ही विदेशों की तरह अंतरराज्यीय सीमा में बहुखण्डिय शोपिग माल, टेक्स कलेक्शन सेंटर, रेस्टोरेंट आदि खोले जाएंगे। जिसके प्रस्ताव शाशन द्वारा समन्धित जिलों से मंगाए जा रहे है ताकि कुल उपलब्ध भूमि अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की लागत, स्थापना लागत का आंकलन कर उसे मूर्त रूप दिया जा सके। शाशन की मंशा के अनुरूप जांच कर पीडब्ल्यूडी ने वांछित जानकारी शाशन को भेज दी है। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने बताया कि केंद्र तथा योगी सरकार की मंशा है कि अंतरराज्यीय सीमाओं में आये दिन वाहनों के इंटरस्टेट चेंज होने के कारण जांच पड़ताल में समय लगता है, ऐसी स्थित में सम्बंधित लोगो को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए वहां समय पास करने के लिए शॉपिग माल, अत्याधुनिक रेस्टोरेंट, अन्य प्रतिष्ठान के अलावा टेक्स संग्रहण सेंटर बनाए जाने की आवश्यकता है। ताकि दूसरे राज्यो से आने जाने वाले वाहन यूपी में घुसते ही अच्छा महसूस कर सकें तथा प्रदेश के बहुआयामी विकास से प्रवेश द्वार से ही परिचित हो सकें। सदर विधायक ने बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार कुलपहाड नौंगाव मार्ग पर प्रमुख मार्ग संख्या 17 बी को प्रस्तावित स्थल के पास 7 मीटर छोड़ा किया जाएगा तथा वहां 1.828 एकड़ सरकारी ग्राम समाज की भूमि उपलब्बद्ध है 98.172 एकड़ निजी भूमि क्रय की जाएगी। जिसकी लागत 453 लाख आएगी।

इसी प्रकार कानपुर सागर नेशनल हाइवे में श्रीनगर के पास अंतरराज्यीय सीमा में 1.158 एकड़ ग्राम समाज की भूमि उपलब्ध है, 98.842 एकड़ भूमि किसानों की अधिग्रहित की जाएगी। जिसकी लागत 10 करोड़ रुपये आएगी। दोनो राज्य की सीमा में बड़े इंट्रीग्रेटेड कॉमन सेंटरों का निर्माण किया जाएगा। ताकि बाहरी राज्य के आने जाने वाले वाहन को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल सके। राज्य सरकार का लक्ष्य कर्नाटक केरल गुजरात की तरह सीमाओं में बहु उद्देशीय माल ,रेस्टोरेंट टेक्स सेंटर आदि बनाने का है।

## नीबू ने किये लोगों के दांत खट्टे रू10 में एक बिक रहा है

**मऊरानीपुर।** तेज गर्मी में इस बार नीबू ने लोगों के दांत खट्टे कर दिए हैं। बाजार में सेब 120 तो नींबू 300 से अधिक प्रति किलो बिक रहा है। जबकि आप 1 किलो नीबू के दाम में 6 किलो अंगूर या फिर 5 किलो संतरा खरीद सकते हैं। फुटकर में तो नीबू रू10 का एक बिक रहा है। वही नींबू के साथ हरी धनिया, लौकी, तुरई, भिंडी एवं हरी मिर्च के भी दाम बढ़ गए हैं। पिछले 15 दिन में नींबू सहित अन्य सब्जियों के दाम बाजार में आसमान छूने लगे हैं। कारोबारियों के अनुसार नींबू को स्थानीय स्तर पर अधिक पैदावार ना होने से झांसी या अन्य मंडियों से मंगवाना पड़ रहा है। और लगातार डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़ने से मालभाड़ा भी बढ़ गया है। और इसका असर सीधा मंडी पर पड़ रहा है।नींबू कुछ दिनों पहले ?80 प्रति किलो था। और अन्य सब्जियों के दाम भी समान थे। लेकिन नवरात्र के बाद से ही सब्जियों के दामों में इजाफा हो गया है। तथा सब्जियों पर आई महंगाई से आम आदमी की थाली में सब्जियां गायब होने लगी है। और लोग आलू सस्ता होने के कारण इसका उपयोग ज्यादा करने लगे हैं।

# जिले में 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान



**बाँदा।** जिले में 15 अप्रैल से शुरू हुआ दस्तक अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने शुक्रवार को जमालपुर गांव में अभियान का जायजा लिया है। अभियान के दौरान उन्होंने पाया कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक दे रही हैं। घरों के बाहर स्टीकर लगाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों को अपने आसपास गंदे पानी को न एकत्रित होने देने की भी सलाह दी जा रही है।सीएमओ ने स्वास्थ्य टीम को निर्देशित किया कि टीबी, बुखार, कोविड व कुपोषण के संभावित रोगी मिलते ही आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उनके घर के बाहर स्टीकर लगाएं। मरीजों की रिपोर्ट पॉजीटिव आते ही तत्काल उपचार के लिए ले जाया जाए। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि जिले में टीबी, कुपोषण और मौसमी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की तलाश की जाए। इलाज के साथ उनके आसपास बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाई जाए।जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार ने बताया कि दस्तक अभियान में मुख्य जिम्मेदारी आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सौंपी गई है। प्रशिक्षित फ्रंटलाइन वर्कर्स घर-घर भ्रमण कर रोग नियंत्रण व उपचार के लिए नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों व विभिन्न रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर सूचीबद्ध भी किया जाएगा। मुख्य रूप से बुखार, इंफ्लुएंजा लाइकइलनेस, टीबी व कुपोषित बच्चों पर विशेष फोकस है। एक हफ्ते से ज्यादा बुखार या खांसी वाले लोगों, कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुपोषित बच्चों की सूची बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को सौंपी जाएगी। इसके माध्यम से बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में रेफर किया जा सकेगा। इसी तरह टीबी के मरीजों की सूची क्षय रोग विभाग को भेजी जाएगी।

## निधन

**झाँसी।** श्री गणेश चौराहा व्यापार मंडल के संयोजक महेश तिवारी (कान्हा जी स्टोर) की माता जी का देहांत हो गया है उनकी अंतिम संस्कार उन्नाव गेट बाहर मुक्तिधाम पर देर शाम कर दिया गया है ।

# तब अखंड भारतः अब आर्यावर्त



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने एक ऐसा महत्वपूर्ण मुद्दा हरिद्वार के एक समारोह में उठा दिया है, आजकल कोई जिसका नाम भी नहीं लेता। न तो कोई राजनीतिक दल, न कोई सरकार और न ही कोई नेता 'अखंड भारत' की बात करता है। मोहनजी का कहना है कि अखंड भारत का यह स्वप्न अगले 15 साल में पूरा हो सकता है। ऐसा हो जाए तो क्या कहने? जो काम पिछले 75 साल में नहीं हुआ, वह सरकारों और नेताओं के भरोसे अगले 15 साल में कैसे हो सकता है? सबसे पहली बात तो यह है कि नेताओं को इस मुद्दे की समझ होनी चाहिए। दूसरी बात यह कि उनमें इसे ठोस रूप देने की इच्छा शक्ति होनी चाहिए। मेरी विनम्र राय है कि यह काम सरकारों से कहीं बेहतर वे गैर-सरकारी संस्थाएं कर सकती हैं, जो सर्वसमावेशी हों। 1945-50 के दिनों में गुरू गोलवलकर ने अखंड भारत और डॉ. राममनोहर लोहिया ने भारत-पाक एका का नारा दिया था। उस समय के लिए ये दोनों नारे ठीक थे लेकिन आज के दिन इन दोनों नारों के क्षेत्र को बहुत फैलाने की जरुरत है। ये दोनों नारे उस समय के अंग्रेज के भारत के बारे में थे लेकिन 50-55 साल पहले जब 15-20 पड़ौसी देशों में मुझे जाने और रहने को मिला तो मुझे लगा कि हमें महर्षि दयानंद के सपनों का आर्यावर्त्त खड़ा करना चाहिए। इस आर्यावर्त्त की सीमाएं अराकान (म्यांमार) से खुरासान (ईरान) और त्रिविष्टुप (तिब्बत) से मालदीव तक होनी चाहिए। इनमें मध्य एशिया के पांच गणतंत्रों और मोरिशस को जोड़ लें तो यह 16 देशों का विशाल संगठन बन सकता है। बाद में इसमें थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात को भी जोड़ा जा सकता है। यह दक्षेस (सार्क) के आठ देशों से दुगुना है। 16 देशों के इस संगठन का नाम जन-दक्षेस है। दक्षेस सरकारों का संगठन है। पिछले 7-8 साल से यह ठप्प पड़ा हुआ है। जन-दक्षेस इन 16 देशों की जनता और सरकारों को भी जोड़ेगा। इन देशों को मिलाकर मेरा सपना है कि इसे यूरोपीय संघ से भी अधिक मजबूत और संपन्न संगठन बनाया जाए। हमारे इन राष्ट्रों में यूरोप से कहीं अधिक धन-संपदा गड़ी पड़ी हुई है। क्या तेल, क्या गैस, क्या यूरेनियम, क्या सोना, क्या चांदी, क्या लोहा और क्या तांबा— सब कुछ हमारे इन देशों में इतना भरा हुआ पड़ा है कि अगले 5 साल में संपूर्ण दक्षिण और मध्य एशिया (आर्यावर्त्त) के लोग यूरोपीय लोगों से भी अधिक मालदार बन सकते हैं और करोड़ों लोगों को नए रोजगार मिल सकते हैं। हमारे इन 16 देशों के मजहब, भाषाएं, वेशभूषाएं और खान-पान अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सांस्कृतिक दृष्टि से ये सब एक ही हैं, क्योंकि हजारों वर्षों से ये विशाल आर्यावर्त्त के अभिन्न अंग रहे हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका को झुकाया भारत ने

यूक्रेन के बारे में भारत पर अमेरिका का दबाव बढ़ता ही चला जा रहा था और ऐसा लग रहा था कि हमारे रक्षा और विदेश मंत्रियों की इस वाशिंगटन-यात्रा के दौरान कुछ न कुछ अप्रिय प्रसंग उठ खड़े होंगे लेकिन हमारे दोनों मंत्रियों ने अमेरिकी सरकार को भारत के पक्ष में झुका लिया। इसका सबसे बड़ा प्रमाण वह संयुक्त विज्ञप्ति है, जिसमें यूक्रेन की दुर्दशा पर खुलकर बोला गया लेकिन रूस का नाम तक नहीं लिया गया। उस विज्ञप्ति को आप ध्यान से पढ़ें तो आपको नहीं लगेगा कि यह भारत और अमेरिका की संयुक्त विज्ञप्ति है बल्कि यह भारत का एकल बयान है। भारत ने अमेरिका का अनुकरण करने की बजाय अमेरिका से भारत की हां में हां मिलवा ली। अमेरिका ने भी वे ही शब्द दोहराए, जो यूक्रेन के बारे में भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कहता रहा है। दोनों राष्ट्रों ने न तो रूस की भर्त्सना की और न ही रूस पर प्रतिबंधों की मांग की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यह मांग जरुर की कि दुनिया के सारे लोकतांत्रिक देशों को यूक्रेन के हमले की भर्त्सना करनी चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने यूक्रेन की जनता की दी जा रही भारतीय सहायता का भी जिक्र किया और रूस के साथ अपने पारंपरिक संबंधों का भी! ब्लिंकन ने भारत-रूस संबंधों की गहराई को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार भी किया। भारत प्रशांत-क्षेत्र में अमेरिकी चौगुटे के साथ अपने संबंध घनिष्ट बना रहा है। इस यात्रा के दौरान दोनों मंत्रियों ने अंतरिक्ष में सहयोग के नए आयाम खोले, अब अमेरिकी जहाजों की मरम्मत का ठेका भी भारत को मिल गया है और अब भारत बहरीन में स्थित अमेरिकी सामुद्रिक कमांड का सदस्य भी बन गया है। इस यात्रा के दौरान अमेरिकी पक्ष ने भारत में मानव अधिकारों के हनन का सवाल भी उठाया। जयशंकर ने उसका भी करारा जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि पहले बताइए कि आपके देश में ही मानव अधिकारों का क्या हाल है? अमेरिका के काले और अल्पसंख्यक लोग जिस दरिद्रता और असमानता को बर्दाश्त करते रहते हैं, उसे जयशंकर ने बेहिचक रेखांकित कर दिया। जयशंकर का अभिप्राय था कि अमेरिका की नीति 'पर उपदेशकुशल बहुतेरे' की नीति है। जहां तक रूसी एस-400 प्रक्षेपास्त्रों की खरीद का सवाल है, उस विवादास्पद मुद्दे पर भी जयशंकर ने दो-टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह पाबंदी का अमेरिकी कानून है। इसकी चिंता अमेरिका करे कि वह किसी खरीददार पर पाबंदिया लगाएगा या नहीं? यह हमारी चिंता का विषय नहीं है। जयशंकर पहले अमेरिका में भारत के राजदूत रह चुके हैं। उन्हें उसकी विदेश नीति की बारीकियों का पता है।

# गंगा-जमुनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजें

यह पहली बार नहीं है जब हिंदुओं का त्योहार रामनवमी और मुसलमानों का रमज़ान साथ-साथ मनाया गया हो। यह भी पहली बार नहीं है जब साझे त्योहारों के मौसम में देश में सांप्रदायिकता फैलने का खतरा उमड़ा हो। पश्चिम बंगाल से लेकर गुजरात तक, यानी पश्चिम से लेकर पूर्व तक हवा में तंगदिली के ज़हर के घुलने की गंध फैली है। कहीं रामनवमी के जुलूस पर हमला हुआ है, कहीं रमज़ान की नमाज़ में बाधा डालने की कोशिशें हुई हैं। और तो और, देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में रामनवमी के दिन सामिष भोजन के बनने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं और अक्सर पूरा भारतीय समाज इसका खमियाजा भुगतता रहा है। यह भी सही है कि समय के साथ अक्सर घाव भरते भी रहे हैं। लेकिन इस हकीकत से आंख नहीं चुरायी जा सकती कि धर्म के नाम पर भारतीय समाज को बांटने की कोशिशें लगातार होती रही हैं। कभी राजनीतिक स्वार्थों के लिए यह काम होता है और कभी बहुसंख्यकों के अधिकारों की दुहाई देकर। सवाल यह नहीं है कि पहला पत्थर किस ओर से फेंका गया या पहले ज़्यादती किसने की, सवाल यह है कि बहुधर्मी संस्कृति वाले भारत में जब-तब सांप्रदायिकता की आग क्यों जल उठती है? दशकों से (या सदियों से) साथ-साथ रहने वाले, साथ उठने-बैठने, खाने-पीने वाले, अचानक एक-दूसरे के दुश्मन कैसे बन जाते हैं? हमारा संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। हमारी सरकार किसी भी धर्म-विशेष से जुड़ी हुई नहीं है। हर नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपने विश्वास के अनुसार अपने धर्म का पालन करे। एक-दूसरे के धार्मिक व्यवहार में बाधा डालने का किसी का कोई अधिकार नहीं है। सवाल तो यह उठता है कि बाधा डालने की आवश्यकता ही क्यों पड़े? और सवाल यह भी उठता है कि हर नागरिक को यह क्यों न लगे कि जितना मुझे अपना धर्म प्रिय है, उतना ही प्रिय दूसरे को उसका धर्म हो सकता है? हम तो हज़ारों साल से एक ईश्वर की बात कहते-मानते रहे हैं। फिर ईश्वर और अल्लाह में आस्था का



बंटवारा कैसे हो सकता है? हाल ही में रामनवमी के अवसर पर देश के अलग-अलग हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव की स्थितियां पैदा हो गयी थीं। लेकिन, क्या पैदा हो गयी थीं कहना सही है? सच तो यह है कि ऐसी स्थितियां पैदा होती नहीं, पैदा की जाती हैं। हिंदुओं को क्यों लगता है कि रामनवमी का जुलूस जब किसी मस्जिद के सामने से गुज़रे तो नारे लगाना ज़रूरी है और मुसलमान यह क्यों समझते हैं कि अज़ान के लिए मस्जिद से लाउडस्पीकर की आवाज़ उनकी धार्मिक स्वतंत्रता का हिस्सा है? यह लाउडस्पीकर वाली बात भी अजीब ही है। पता नहीं कब से अज़ान की आवाज़ कुछ लोगों को नींद में बाधा लगने लगी है? कइयों को तो यह ध्वनि-प्रदूषण का मामला लगने लगा है। मज़े की बात यह है कि इस ध्वनि-प्रदूषण को रोकने के लिए 'ज़्यादा ध्वनि प्रदूषण' का सहारा लिया जा रहा है। कुछ दशक पहले महाराष्ट्र में शिवसेना ने 'महाआरती' आयोजित करने का अभियान छेड़ा था, अब राज ठाकरे की पार्टी 'मनसे' शिवसेना के दफ्तर के सामने माइक पर पाठ कर रही है! इसे क्या कहा जाये? राजनीतिक दांव-पेच? यह नादानी या दांव-पेच कुछ भी हो, देश की एकता और बंधुता के लिए खतरा है यह। आसेतु-हिमालय भारत एक बना रहे, इसके लिए ज़रूरी है धर्म को राजनीति का हथियार बनाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगे। बहुत सोच-समझकर हमने एक धर्म-निरपेक्ष भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला संविधान अपने लिए अंगीकृत किया था। पिचहत्तर साल से हम इस संविधान के अनुसार जीने की कोशिश करते रहे हैं। पच्चीस साल बाद हम धर्म-निरपेक्ष भारत की शताब्दी मनाएंगे। इस पच्चीस साल की अवधि को 'अमृत-काल' कहा जा रहा है। यह अवधि हमारी धर्म-निरपेक्षता और गणतांत्रिक संविधान की जड़ों को मज़बूत करने वाली अवधि होनी चाहिए। जड़ों को मज़बूत करने का मतलब उन मूल्यों और आदर्शों के अनुरूप आचरण करना है जिन्हें आधार बनाकर हमने अपने भारत को बनाने का सपना देखा है। इस सपने में धर्म के नाम पर नागरिकों के बीच खाइयां खोदने के दृश्य के लिए कोई स्थान नहीं है। जब हम 'सबका साथ, सबका विकास' की बात करते हैं तो इस सब में देश का हर नागरिक सम्मिलित है। हर नागरिक, भले ही वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण या वर्ग का क्यों न हो, भारतीय है। यही उसकी सच्ची और अच्छी पहचान है। हम पहले भारतीय हैं, फिर हिंदू या मुसलमान या कोई और। इसलिए, धर्म या जाति के आधार पर भारतीयों में भेद-भाव करना एक अपराध है। पाप भी। अपराध का दंड मिलना चाहिए, पाप का प्रायश्चित होना चाहिए। पिछले दिनों हिंसक घटनाएं देश के अलग-अलग हिस्सों में हुई हैं। पश्चिम बंगाल, झारखंड, गुजरात, मध्यप्रदेश, कर्नाटक आदि में जहां धार्मिक जुलूस पर पत्थरबाजी और आगजनी की घटनाएं हुई हैं, वहीं देश पर बहुसंख्यकों के अधिकार के नारे भी लगे हैं। हर विवेकशील नागरिक का दायित्व बनता है कि वह बांटने वाली इन प्रवृत्तियों के खिलाफ आवाज़ उठाये। सवाल सिर्फ धार्मिक उत्सवों के दौरान सांप्रदायिक विद्वेष को फैलाने वाली गतिविधियों का नहीं है, सवाल उस बीमार सोच का है जो हमें बांटती है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण सच्चाई है कि अलगाव की आग एक लंबे अर्से से हमारे देश में सुलगाने की कोशिशें होती रही हैं, और सच्चाई यह भी है कि पिछले कुछ सालों में इसमें वृद्धि ही हुई है। यह आग बुझनी ही चाहिए। किसी को यह अवसर या अधिकार नहीं मिलना चाहिए कि वह धर्म के नाम पर सांप्रदायिकता की आग को हवा दे। कुछ नकारात्मक खबरों के बीच एक खबर सिलीगुड़ी से यह भी आयी थी कि मुस्लिम युवाओं ने रामनवमी के जुलूस में भाग लेने वालों के लिए पानी की व्यवस्था की। वे हिंदुओं के गले मिल रहे थे, जुलूस में भाग ले रहे थे। यह छोटी-सी खबर बड़े महत्व की है। निश्चित रूप से यह अपने ढंग की अकेली घटना नहीं है। ज़रूरत इस तरह की बातों को सुर्खियों बनाने की है। परंपरा रही है हमारी ईद और दीवाली मिल-जुल कर मनाने की। यह परंपरा बनी रहनी चाहिए और मज़बूत होनी चाहिए। नफरत की आग पानी की बोतलों से ही मिटेगी- सहिष्णुता, भाई-चारे और स्नेह-संबंधों का ठंडा पानी चाहिए देश को।

# अन्नदाता की बेकद्रीः खरीद मंडियां सुविधा संपन्न बनायी जाए

ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया में खाद्यान्न संकट की आहट महसूस की जा रही है, भारतीय किसानों की पसीने की महक देश को नया आत्मविश्वास दे रही है। निस्संदेह कोरोना की पहली लहर के बाद लगे सख्त लॉकडाउन के दौरान केवल कृषि क्षेत्र ने देश की जीडीपी को संबल दिया। वैशाखी की बयार किसानों में नई उमंग भर गई है वहीं दूसरी ओर किसानों की अंतहीन समस्याएं खत्म होती नजर नहीं आ रही हैं। जहां तेज गर्मी की मार के चलते अनाज की गुणवत्ता में गिरावट आई है, वहीं किसानों को मंडियों में अनाज ले जाने से लेकर बेचने तक की प्रक्रिया में तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि सत्ताधीश ग्रामीण विकास, सड़कों व मंडियों के रखरखाव तथा सुविधाओं के विस्तार के लिये आवंटित धन को अन्य मदों में खर्च कर देते हैं। इससे अन्नदाता की अंतहीन समस्याओं का समाधान संभव नहीं होता। इसका हालिया उदाहरण पंजाब का है, जहां अब तक ग्रामीण विकास फंड के दुरुपयोग के चलते केंद्र ग्रांट पर रोक लगाने की बात कर रहा था। उसके बाद वित्तीय संकट से जूझ रही पंजाब सरकार ने कानून में बदलाव लाकर समस्या का



युक्तिसंगत समाधान निकाला। पंजाब सरकार ने केंद्र की शर्तों के अनुरूप पंजाब ग्रामीण विकास (संशोधन) अध्यादेश-2022 को मंजूरी दे दी। इसके बाद राज्य सरकार रूरल डेवेलपमेंट फंड यानी आरडीएफ का पैसा केवल ग्रामीण विकास पर खर्च करेगी जिससे 1100 करोड़ रुपये की इस ग्रांट के पंजाब को मिलने का रास्ता साफ हुआ। दरअसल, इस ग्रांट को लेकर पंजाब का केंद्र से टकराव चल रहा था क्योंकि पूर्ववर्ती बादल व अमरेंद्र सरकार पर अनुदान का इस्तेमाल ग्रामीण विकास के बजाय अन्य कार्यों में खर्च करने के आरोप लगे। अब पंजाब सरकार कह रही है कि ग्रांट की धनराशि मंडियों व खरीद केंद्रों की सड़कों के निर्माण, मरम्मत, पेयजल व्यवस्था व भंडारण आदि पर खर्च की जायेगी। वहीं हरियाणा के किसान भी गर्मी की वजह से कम पैदावार के संकट से जूझ रहे हैं। उन्हें भरोसा दिलाया जा रहा है कि गेहूं की पैदावार औसत से कम हुई तो बीमा कंपनियां नुकसान की भरपाई करेंगी। दरअसल, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषि विशेषज्ञ प्रत्येक गांव में फसल की औसत पैदावार का निर्धारण करेंगे। असल में, जनवरी में बेमौसमी बारिश व मार्च माह के मध्य में अप्रत्याशित गर्मी से गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। आशंका है कि रबी की दूसरी फसलों का उत्पादन भी अन्य वर्षों के मुकाबले कम रह सकता है। राज्यों में गेहूं की कटाई शुरू हो चुकी है। दस से पंद्रह फीसदी कम उत्पादन की बात कही जा रही है। वहीं किसानों को अधिक तापमान के चलते कई तरह की अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के कई जिलों में खड़ी फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। झुलसाती गर्मी व तेज हवा आग को फैलाने की वजह बनती हैं वहीं पंजाब की मंडियों में गेहूं की फसल एफसीआई द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं आने से खरीद एजेंसियां खरीद में संकोच कर रही हैं।

# हिंदी को राष्ट्रभाषा स्वीकार करने में आखिर दिक्कत क्या है?

राजभाषा हिंदी की देशव्यापी स्वीकार्यता के आग्रह को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाषाई सियासत के तालाब में जो पत्थर फेंका है, उसकी अपेक्षित प्रतिक्रियाएं ही आ रही हैं। शाह के बयान को 'हिंदी के भारतीय भाषाओं पर अतिक्रमण', 'गैर हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने' और 'हिंदी हिंदू हिंदुस्तान' की भाजपा की राजनीति का देश के सीमांत तक विस्तार की साजिश के रूप में निरूपित किया जा रहा है। शाह ने हाल में संसदीय राजभाषा समिति की 37 वीं बैठक में कहा कि देश में हिंदी को अंग्रेजी के विकल्प के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए, न कि स्थानीय भाषाओं के लिए। उन्होंने कहा कि यह हिंदी शब्दकोश के संशोधन करने का समय है। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट का 70 फीसदी एजेंडा अब हिंदी में तैयार किया जा रहा है। उन्होंने 9वीं क्लास तक के बच्चों के लिए हिंदी के प्रारंभिक ज्ञान और हिंदी शिक्षण परीक्षाओं पर अधिक ध्यान की जरूरत पर भी जोर दिया। सबसे महत्वपूर्ण बात शाह ने यह कही कि आज राजभाषा (हिंदी) को देश की एकता का महत्वपूर्ण अंग बनाने का समय आ गया है। जब हिंदीतर भाषा बोलने वाले राज्यों के लोग आपस में संवाद करते हैं, तो यह भारत की भाषा में होनी चाहिए। मोटे तौर पर शाह के बयान में ऐसा कुछ नहीं था, जिसका विरोध किया जाए। फिर भी राजनीतिक कारणों से तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और



असम आदि राज्यों से विरोध के स्वर उठने शुरू हुए। कांग्रेस नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने ट्वीट किया, एक कन्नड़ के रूप में, मैं गृहमंत्री अमित शाह की आधिकारिक भाषा और संचार के माध्यम पर टिप्पणी के लिए कड़ी निंदा करता हूं। हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है और हम इसे कभी नहीं होने देंगे। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी ने कहा कि हम हिंदी का सम्मान करते हैं लेकिन हिंदी थोपने का विरोध करते हैं। वहीं शिवसेना ने आरोप लगाया कि शाह का बयान क्षेत्रीय भाषाओं के मूल्य को कम करने का एजेंडा है। खुद को अखिल भारतीय पार्टी मानने वाली कांग्रेस ने बीजेपी पर 'सांस्कृतिक आतंकवाद' का आरोप लगाया है। उधर राष्ट्रीय छवि बनाने के इच्छुक और राजनीति में उतरने का साहस न कर पाने वाले तमिल अभिनेता रजनीकांत ने कहा कि पूरे भारत में एक ही भाषा की संकल्पना संभव नहीं है।

# संवेदनाओं के स्पंदन उकेरने का जुनून

## चर्चित चेहरा



मानवीय संवेदनाओं को जीवंतता के साथ उकेरने के लिये माध्यम चाहे कोई भी हो, उसके पीछे का जुनून ज्यादा मायने रखता है। समर्पण और कला पारखी दृष्टि ही उसे सार्थक ढंग से प्रस्तुत कर पाती है। यही जुनून ही बाद में व्यक्ति को वैश्विक परिदृश्य में विशिष्ट स्थान दिलाता है। नारी सरोकारों के ज्वलंत मुद्दों पर काम करने वाली चंडीगढ़ की स्पंदिता मलिक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित 'द 30 ‑न्यू एंड इमर्जिंग फोटोग्राफर्स टू वॉच' स्पर्धा में स्थान बनाना ऐसी ही कामयाबी को दर्शाता है। अमेरिका को अपनी कार्यस्थली बनाने वाली चंडीगढ़ में जन्मी छायाकार स्पंदिता प्रतियोगिता-2022 संस्करण में स्थान बनाने वाली दक्षिण एशिया की पहली शख्स हैं। यहां उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में दुनियाभर के 330 फोटोग्राफरों ने नामांकन कराया था जिसमें केवल तीस ही अंतिम मुकाबले में टिक पाये। बताते चलें कि विश्व के पचास से अधिक नामी संपादकों, क्यूरेटरों, गैलरी निदेशकों, प्रकाशकों, अभिकर्ताओं तथा फोटोग्राफरों के एक समूह ने प्रतिभागियों का चयन किया। भारत के लिये उपलब्धि दर्ज कराने वाली स्पंदिता मलिक चंडीगढ़ के सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा रही हैं। यहां से प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने वाली स्पंदिता ने निफ्ट दिल्ली से फैशन डिजाइनिंग में स्नातक की उपाधि हासिल की। बाद में वह उच्च स्तरीय शिक्षा हासिल करने के लिये अमेरिका चली गईं। भारतीय नारी के जीवन की त्रासदियां स्पंदिता को विचलित करती रही हैं। इसलिये उन्होंने महिला अधिकारों और लैंगिक हिंसा पर अपना ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने महसूस किया कि भारतीय राजनीतिक-सामाजिक परिदृश्य में एक आम महिला की त्रासदियों को लेकर संवेदनशील पहल नहीं हो पा रही है। उन्होंने देश में तमाम उन स्थानों का दौरा किया जहां परंपरागत कपड़ों की कलाकारी वाली कढ़ाई का काम होता था। उन्होंने एक विशेष प्रोजेक्ट के तहत इन महिलाओं की दिक्कतों का डॉक्यूमेंटेशन किया। उनके दुख-दर्द को करीब से महसूस किया। इन कामगारों का मनोबल बढ़ाने के लिये उनकी फोटुओं पर कढ़ाई करवायी, जिसके माध्यम से वे भारतीय श्रमशील महिलाओं की सामाजिक व मानसिक स्थितियों को उकेरने में कामयाब रहीं। बाद में स्पंदिता ने अपने फोटोग्राफी के जुनून को निखारने का मन बनाया। इसके लिये वर्ष 2019 में उन्होंने अमेरिका के पार्सन्स स्कूल ऑफ डिजाइन से फोटोग्राफी में एमएफए की उपाधि हासिल की। उनके फोटोग्राफी के जुनून व कला-कौशल को संस्थान ने प्रतिष्ठा दी। इसके लिये उन्हें कई पुरस्कार भी मिले जिसमें डीन की मेरिट स्कॉलरशिप, फोटोग्राफी प्रोगामेटिक स्कॉलरशिप और ग्रेजुएट ट्रेवल ग्रांट अवार्ड जैसे सम्मान भी शामिल हैं। फोटोग्राफी के इस जूनून ने स्पंदिता को खासी प्रतिष्ठा दिलायी। उन्हें एन फोको फोटोग्राफी फैलोशिप (2021) और पटाखा फोटोग्राफिक ग्रांट (2020) से भी सम्मानित किया गया। स्पंदिता को फोम पॉल हफ अवार्ड (2020) के लिए नामांकित किया गया था। वे एपर्चर पोर्टफोलियो पुरस्कार (2021) के लिए फाइनलिस्ट थीं। उन्हें रेजीडेंसी प्रोग्राम, वुडस्टॉक, एनवाई (2021) में वुडस्टॉक आर्टिस्ट में फोटोग्राफी के लिए चुना गया था। समकालीन कला के बेमिस केंद्र (2021); न्यूयॉर्क में बैक्सटर सेंट वर्कस्पेस रेजीडेंसी (2020); न्यू जर्सी में नारीवादी इनक्यूबेटर रेजीडेंसी (2020) के लिये भी उनका चुनाव किया गया। मलिक के काम को आर्टी, आर्ट स्पील, बज़फीड, मुसी मैगज़ीन, हार्पर मैगज़ीन और एलीफेंट मैगज़ीन में स्थान मिला है। उन्हें ब्रिटिश जर्नल ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़ी द्वारा 'वन्स टू वॉच 2020' में शामिल किया गया था। मलिक का एक एकल शो 'वधु ‑ द एम्ब्रायडर्ड ब्राइड', अक्तूबर, 2021 में बैक्सटर सेंट, एनवाई में आयोजित किया गया।

## राशिफल

**मेष**: कार्यकुशलता एवं समृद्धि के योग फलप्रद हों, रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

**वृष**: कार्य तत्परता से लाभ होगा, इष्ट मित्र सुखवर्धक हों तथा कार्य में अवश्य ध्यान दें।

**मिथुन**: व्यावसायिक क्षमताओं में वृद्धि हो, कार्यकुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य अवश्य बनेंगे।

**कर्क**: सोच-समझकर शक्ति लगायें, अव्यवस्था, विभ्रम, विकार, क्लेश, मन से परेशान हों।

**सिंह**: समय अनुकूलता हो, विशेष कार्य स्थिगित रखें, लेन-देन में हानि होगी।

**कन्या**: मानसिक विभ्रम, किसी आरोप में फंस सकते हैं, सार्थकता से कार्य बनेंगे।

**तुला**: भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिगड़े कार्य बनेंगे, कार्य संतोष अवश्य होगा।

**वृश्चिक**: कार्य-कुशलता से संतोष, योजनाएं फलीभूत होंगी, व्यावसाय में ध्यान दें।

**धनु**: सफलता के साधन जुटाएं, धन-लाभ होगा, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

**मकर**: इष्ट मित्र सुखवर्धक हों, स्त्री शरीर कष्ट, मित्र चिन्ता, क्रोध से बचें।

**कुंभ**: इष्ट मित्र सहायक रहें, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता आएगी, ध्यान दें।

**मीन**: धन लाभ, सफलता का हर्ष, प्रभुत्व वृद्धि तथा सामाजिक कार्य बने जायेंगे।

डॉ पीएल गौतमाचार्य

## ब्रीफ न्यूज

### जियो और जीने दो के संदेश को आत्मसात करने का लिया संकल्प

खरगोन। शहर में कर्फ्यू के कारण इस साल भी भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर शोभायात्रा, भंडारे जैसे सार्वजनिक आयोजन नहीं हुए। गुरुवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव समाजजनों ने घरों में रहते हुए भी श्रद्धा. भक्ति के साथ मनाया। समाज अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि बीते दो सालों से कोविड के चलते जयंती धूमधाम से नहीं मना पाए थे, इस वर्ष भंडारे एवं शोभायात्रा की तैयारी थी, लेकिन सांप्रदायिक सौहार्द के बिगड़े हालातों के चलते तैयारियां धरी रह गई।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हंसराज भालसे का निधन

खरगोन। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं पत्रकार व एल्डरमेन चंद्रशेखर भालसे के पिता हंसराज भालसे (80) का अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। उनके निधन से समाजजनो में शोक की लहर व्याप्त है। अतिम संस्कार नर्मदा तट माकडखेड़ा पर किया गया। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी स्व. भालसे समाज में शिक्षा का अलख जगाते रहे। वे समाज के युवाओं को संदेश देते थे कि अच्छी शिक्षा से ही वे अपने और अपने परिवार का सपना पूरा कर सकते है। स्व. भालसे समाजसेवा के कार्यो में भी अग्रणी रहते थे। उनके निधन को समाजजनों ने समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### स्वास्थ्य संबंधी बैठक 18 अप्रैल को

मुरैना। कलेक्टर बी कार्तिकेयन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित बैठक 18 अप्रैल को अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गयी है। बैठक में महिला बाल विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, डॉ० अनुभा महेश्वरी, डॉ० पदमेश उपाध्याय, डॉ० अजय गोयल जिला टीकाकरण अधिकारी, समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समस्त सी.डी.पी.ओ (महिला बाल विकास), डी.पी.एम, ब्लॉक कोर्डिनेटर, सी.एस.सी मैनेजर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### जलाभिषेक एवं पेयजल परिवहन की बैठक 18 को

मुरैना। कलेक्टर बी कार्तिकेयन की अध्यक्षता में जलाभिषेक अभियान एवं पेयजल परिवहन की बैठक 18 अप्रैल को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गयी है। बैठक में वनमण्डलाधिकारी, कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई, समस्त सहायक यंत्री पी.एच.ई, कार्यपालन यंत्री आर.ई.एस, कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू, कार्यपालन यंत्री पी.डब्ल्यू.डी, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड, समस्त कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, समस्तस एस.डी.एम, महाप्रबंधक एम.पी.आर.डी.सी, महाप्रबंधक पी.एम.जी. एस.वाई, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, समस्त सहायक यंत्री जनपद पंचायत, पी.ओ. वाटरशेड/नरेगा उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### युकां के पूर्व जिला अध्यक्ष की शिकायत पर संभाग कमिश्नर ने दिये जांच के निर्देश

सागर। नगर पालिक निगम सागर द्वारा राजीव आवास योजनान्तर्गत बाघराज वार्ड महाराजा छत्रसाल नगर में बनाये गये आवासों की ठेकेदार एजेंसी को अनुबंध राशि से करोड़ों रुपए का अधिक भुगतान किए जाने तथा अपूर्ण कार्य का कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर अन्य ठेकेदार से अतिरिक्त व्यय कर विधुत सब स्टेशन बनवाने और 1370 आवासों के स्थान पर 1248 आवास बनाये जाने के मामले में युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अशरफ खान द्वारा सम्भाग कमिश्नर एवं निगम प्रशासक मुकेश शुक्ला से की गई शिकायत पर कमिश्नर कार्यालय के पत्र क्रमांक 79 / शाखा 5 / 2022 के माध्यम से नगर निगम आयुक्त को शिकायत की जांच कर की गई कार्यवाही से कार्यालय सम्भाग कमिश्नर व शिकायतकर्ता को भी अवगत कराने का लेख किया गया हैं।

---

### कट्टे से किया था किसान पर फायर, जामनेर पुलिस ने दबोचे पांच आरोपी

# पिता की मौत पर शक, दो भाईयों की हत्या कराने दी सुपारी

**एजेंसी, गुना**

जिले के जामनेर थानांतर्गत एक किसान की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश का खुलासा पुलिस ने किया है। इस दौरान पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि फरियादी देवेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम रूसल्ली खुर्द, थाना आरोन द्वारा जामनेर थाने पर रिपोर्ट कराई थी कि 10 अप्रैल को वह अपने गांव रूसल्ली से ट्रैक्टर ट्राली में धनिया भरकर उसे बेचने के लिये बीनागंज जा रहा था। तभी रास्ते में जामनेर थाना क्षेत्र के ग्राम पहाडगढ के सामने रोड़ पर पीछे से एक पल्सर गाडी से दो लोग अनिल राजपूत निवासी ग्राम रूसल्ली खुर्द एवं कल्याण सिंह राजपूत निवासी ग्राम करोंदिया चक थाना बजरंगगढ़ आए और जिनके बगल में आने पर बाईक पर पीछे बैठे व्यक्ति अनिल राजपूत ने कट्टे से हवाई फायर कर दिया। इसके बाद वह ट्रैक्टर रोककर भागा तो पीछे से कल्याण राजपूत ने भी हवाई फायर किया गया।उक्त मामले में पुलिस द्वारा मामले में सघनता से जांच की गई। इस दौरान पुलिस के तकनीकी संसाधनों से पता चला कि घटना के समय अनावेदक अनिल राजपूत की उपस्थिति एवं आवेदक देवेन्द्र राजपूत की उपस्थिति सामान समय में सामान जगह पर थी। इसके बाद पुलिस द्वारा




अनिल राजपूत एवं कल्याण राजपूत को तत्काल तलब कर सख्ती से पूछताछ करने पर चौंकाने वाला मामला सामने आया। यह सम्पूर्ण मामला एक लाख रुपये की सुपारी देकर देवेन्द्र राजपूत की हत्या की साजिश रचने का पाया गया। पूछताछ पर अनिल राजपूत एवं कल्याण राजपूत ने बताया कि अनिल राजपूत के पिता लालजीराम की करंट लगने से मृत्यु होने में उसे देवेन्द्र राजपूत तथा उसके भाई पवन राजपूत पर संदेह था। बदला लेने के लिए अनिल राजपूत ने अपने मुंहबोले मामा सिरनाम लोधी निवासी ग्राम सेमरा से देवेन्द्र राजपूत एवं उसके भाई पवन राजपूत की हत्या करवाने को कहा गया। तो सिरनाम लोधी ने अपने भतीजे सोनू लोधी निवासी कुम्भराज से इस संबंध में बात की। तब सोनू लोधी ने अनिल राजपूत तथा उसके बुआ के लडके कल्याण राजपूत को कुम्भराज बुलाकर उन्हें राजकुमार राजपूत, सौरभ लोधा निवासीगण कुम्भराज से मिलवाया तथा जिन्होंने एक लाख रुपए में देवेन्द्र राजपूत और पवन राजपूत की हत्या करने की सुपारी ली। इस दौरान 9 अप्रैल को सोनू लोधी, राजकुमार राजपूत, अजय राणा एवं सौरभ लोधा आरोन आ गये और जिन्होंने देवेन्द्र राजपूत के संबंध में रेकी की। इस दौरान 10 अप्रेल को देवेन्द्र राजपूत के धनिया की फसल बेचने के लिएबीनागंज जाने का पता चलने पर योजनानुसार राजकुमार राजपूत व सौरभ लोधा ने पल्सर मोटर साइकिल से तथा अनिल राजपूत व अजय राणा ने सीटी 100 मोटर सायकल से देवेन्द्र राजपूत के ट्रेक्टर का पीछा किया। पहाडगढ गांव के पास एकांत में राजकुमार राजपूत व सौरभ लोधा ने देवेन्द्र राजपूत के ऊपर कट्टों से फायर किया गया।

#### प्रकरण की सम्पूर्ण जांच

प्रकरण की सम्पूर्ण जांच पर से आरोपीगण अनिल राजपूत, कल्याण सिंह राजपूत, सोनू लोधी, राजकुमार राजपूत, अजय राणा, सौरभ लोधा निवासीगण कुम्भराज एवं सिरनाम लोधी निवासी ग्राम सेमरा थाना आनंदपुर के विरूद्ध थाना जामनेर में धारा 307, 34, 120बी भा.द.वि. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में पांच आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। जबकि प्रकरण के दो आरोपी सिरनाम लोधी एवं सौरभ लोधा निवासी कुम्भराज अभी फरार हैं। उक्त कारीवाई में जामनेर टीआई जुबेर खान, महेश दत्त शर्मा, शिवकुमार निगम, बलभद्र सिहं चौहान, शिवराज सिंह, सोबरन सिंह, जितेन्द्र मीना, संजय, विनीत भारद्वाज, मधुसूदनगढ़ टीआई अनूप कुमार भार्गव, कुम्भराज टीआई संजीत सिंह मावई, बजरंगगढ़ टीआई अमित अग्रवाल, सायबर सेल प्रभारी मसीह खान, भूपेन्द्र खटीक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

---

# सीएमएचओ ने देखी स्वास्थ्य मेले की तैयारियां, दिए निर्देश



**एजेंसी, गुना**

सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वसर द्वारा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बरोद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी हाट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर ई संजीवनी टेलीकंसलटेशन एवं टी वी प्रोग्राम की जानकारी प्राप्त की साथ ही संस्था की उचित साफ सफाई के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी हाट में लेबर रूम, ओपीडी एवं वार्ड निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित स्टाफ से नियमित समय पर उपस्थित होने, सुरक्षित प्रसव कराने, सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण, आरसीएच अनमोल पोर्टल एंट्री, आईएचआईपी पोर्टल एंट्री एवं 18 अप्रैल को आरोन में लगने वाले स्वास्थ्य मेला में अपने एरिया के अधिक से अधिक व्यक्तियों को प्रेरित कर स्वास्थ्य मेले के लाभ दिलाने को कहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आरोन में भ्रमण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी बुनकर भी उपस्थित थे। उन्होंने 18 अप्रैल को आयोजित स्वास्थ्य मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बीएमओ डॉ कृष्ण सिंह से मेले के पर्याप्त प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। साथ ही टेंट एवं पानी के उचित प्रबंधन के निर्देश दिए एवं मेले में चिकित्सकों, पर्यवेक्षक, एएनएम, पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सीएचओ के ड्यूटी आदेश जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य संबंधित विभागों से कैंप में सहयोग हेतु समन्वय करने एवं मेले में आने वाले सभी हितग्राहियों के हेल्थ आई डी बनाने एवं पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने, शासन की हितग्राही योजनाओं के मेले में प्रचार प्रसार, पर्याप्त मेडिसिन की उपलब्धता के निर्देश दिए।

---

## बेटी को विदा करने जा रहे पिता की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत, बेटी घायल

**एजेंसी, मुरैना**



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोपहर पिता पुत्री बानमोर जा रहे थे, तभी छोंदा पुल पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पिता की मौत हो गई एवं पुत्री घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम हेतु भेजा तथा घायल लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया। वाहन चालक फरार बताया गया है, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अजब सिंह पुत्र हाकिम सिंह 68 वर्ष निवासी सूवालाल का पुरा गुरुवार की दोपहर 1:30 बजे के लगभग मुरैना गांव से अपनी बेटी मोनिका पत्नी सूरजभान को बाइक पर बिठाकर विदा करने के लिए बानमौर जा रहा था, जैसे ही उसकी बाइक छोंदा पुल पर पहुंची, तभी एक अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा डाला। इस दुर्घटना में अजब सिंह की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा मोनिका घायल हो गई। हादसा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पीएम हेतु भेजा तथा घायल मोनिका को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक फरार बताया गया है, पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

---

# खामापड़वा तालाब में बना जानलेवा वाला गड्ढा

### गड्ढे में दलदल से जानलेवा घटना की आशंका

**एजेंसी, हरदा**



जिले के हरदा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खामा पड़वां में जन सहयोग से तालाब का गहरीकरण मनमाने तरीके से करवाया गया है, जो कभी भी जानलेवा सिद्ध हो सकता है। तालाब गहरीकरण सिस्टम से नहीं बल्कि स्थानीय लोगों ने अपनी सुविधानुसार मिट्टी खोदकर ले गए। इससे काफी गड्ढा हो गया है और उसमें पानी भरा है नीचे दलदल और कीचड़ है। बच्चे उसमें कूद-कूद कर नहा रहे हैं मेड भी नहीं बनी है किनारे थंसकने का डर है। तालाब नुमा गड्ढा नहीं है जिससे अप्रिय घटना की आशंका है, रोजाना बच्चों की भीड़ देखी जा रही है। अभी इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है जब कोई घटना हो जाएगी तब आनन-फानन में मेड बनाकर तालाब को व्यवस्थित किया जाएगा।

#### तालाब में नीचे दलदल

गड्ढे की गहराई अधिक है, नीचे दलदल है कूदने पर पैर दलदल में फंस जाने पर निकलना मुश्किल हो सकता है। उससे कोई बड़ी घटना हो सकती है जिस तरह की स्थिति है उससे कोई अप्रिय घटना की संभावना को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। इस तरह की स्थिति में अन्यत्र या अप्रिय घटना हो चुकी है। सरपंच-सचिव का इस तरफ ध्यान नहीं है, मिट्टी ले जाते समय ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण बीच में भी मिट्टी काफी है। उसे निकालने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, किनारा भी काफी खतरनाक है, दरार बनने पर कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

#### बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित

मनमानी तरीके से गहरीकरण होने से बच्चों के भविष्य को लेकर पालक चिंतित है। बच्चों को मना करते हैं फिर भी बच्चे मानते नहीं हैं तालाब में नहाने पहुंच जाते हैं। तालाब में गड्ढे की गहराई बहुत अधिक है, तैरना नहीं आने वालों को काफी दिक्कत हो सकती है। ऐसी स्थिति काफी समय से विद्यमान है फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### जांच की मांग - टाले

भारतीय किसान संघ के ब्लाकाध्यक्ष गणेश टाले का कहना है कि तालाब गहरीकरण मनमानी तरीके से कराए जाने की चांज की मांग जोर पकड़ रही है। उसे व्यवस्थित तरीके से कराया जाना था, बिना अनुमति के तालाब गहरीकरण कर कार्य करवा दिया गया और किसानों व ठेकेदार को मिट्टी ले जाने की अनुमति दे दी गई। जो मनमानी तरीके से मिट्टी खोद कर ले गए हैं और ऐसा जानलेवा गड्ढा बना दिए हैं जो कभी भी अप्रिय घटना का प्रमुख कारण बन सकता है। बिना अनुमति के यह कार्य क्यों करवाया गया। इसके पीछे कारण क्या है यह जांच का विषय बन गया है। तालाब गहरीकरण तो अच्छा कार्य है इससे जल का संग्रहण हो रहा है। यह अनुकरणीय है किंतु सही तरीके से काम नहीं होने से अच्छा कार्य बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

#### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान - राम

किसान भोला राम का कहना है कि सड़क के किनारे ऐसा गड्ढा तालाब में खोदा गया है, जो जानलेवा है। अधिकारी आते-जाते इस गड्ढे को देखते हैं पानी भरा होने से देखने में अच्छा लग रहा है। किंतु मिट्टी एक तरफ से निकाली गई होती तो तालाब का स्वरूप अच्छा बन जाता। तालाब के बीच में जो मिट्टी बची है उसे निकालना अब बहुत मुश्किल का काम होगा। मेड बांधकर उसे व्यवस्थित किया जाना चाहिए, कोई जानवर भी उस में गिर सकते हैं। पानी अधिक होने से अप्रिय घटना हो सकती है बच्चों की भीड़ नहाने के लिए इकट्ठा रहती है ये सब देखते हुए सुरक्षा और बचाव के उपायों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही है।

---

## राज्य स्तरीय बेडमिंटन स्पर्धा में खरगोन के खिलाड़ी दिखा रहे दमखम



**खरगोन।** भोपाल में खेली जा रही राज्य स्तरीय बेडमिंटन स्पर्धा में शहर की डीआरपी बेडमिंटन एकेडमी के अंडर 15 व अंडर 17 के खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे है। एकेडमी के प्रभारी मनोज राठौर ने बताया कि उक्त स्पर्धा में खिलाड़ी कोच नीलेश चौधरी के मार्गदर्शन में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। एकल वर्ग के मुकाबलों में धैर्य पटेल, अग्रिम राठौर, सूर्यप्रताप सिंग ने अपने शुरुआती दोनों राउंड में जीत हासिल की है। सभी ने तीसरे राउंड में प्रवेश किया। इसी तरह सार्थक कश्यप व सूर्य प्रताप की जोड़ी ने डबल्स में पहले राउंड जीत दर्ज की।

---

# विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब में मनाया अटल कम्युनिटी-डे

**एजेंसी, टिमरनी**



सरस्वती शिशु मंदिर में भारत रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर जयंती के अवसर पर इस वर्ष भी विद्यालय में स्थित अटल टिंकरिंग लैब में अटल कम्युनिटी-डे मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय में फिजिक्स की व्याख्याता डॉ अर्चना सिंह रही उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा वर्तमान में जिन वैज्ञानिकों के नाम आविष्कारों के लिए पढ़ाए जा रहे हैं। वास्तव में इनके पीछे हमारे ऋषियों की तपस्या ही थी। जैसे वायुयान की खोज राइट ब्रदर्स ने नहीं बल्कि यह आविष्कार गौतम ऋषि एवं भरद्वाज ऋषि ने अनेक वर्षो पूर्व ही कर दी थी। उनके द्वारा लिखित विमान शास्त्र में 500 प्रकार के विमान बनाने की विधि लिखी है इसी आधार पर 1895 में मुंबई के पास रिमोट से उड़ने वाला विमान 200 फीट की ऊंचाई तक उड़ाया जा चुका है। विद्युत की खोज किसी साइंटिस्ट ने नहीं की, बल्कि ऋषि पराशर के द्वारा की गई थी। स्वामी विवेकानंद आज के समय में 80 फीसदी अच्छे छात्रों के आइकॉन हैं। जिन्होंने 1893 में शिकागो में अकेले ही अमेरिका से अपना लोहा मनवाया था। विद्यालय के प्रभारी संजय अग्रवाल द्वारा बताया इस आयोजन में छात्रों द्वारा अनेक मॉडल प्रस्तुत किए गए हैं। जिसमें इलेक्ट्रिसिटी मेकिंग मशीन डीजल कार ऑटो हैंडीकैप व्हीकल टच अलर्ट बाउंड्री वाल स्मार्ट स्ट्रीट क्रॉसिंग कोबिड सेफ्टी डोर और स्मार्ट वेरीकेड कर्ड रनिंग रोबोट का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया।

---

**आवास योजना** पी.एम.ए.वाय के अंतर्गत बन रही आवासीय कालोनी में शेष बचे फ्लैट प्लाट और दुकानें के विक्रय हेतु शीघ्र जारी होगी निविदा

# मेनपानी आवासीय परिसर में सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध होगी : निगमायुक्त

**एजेंसी, सागर**

प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत मेनपानी में नगर निगम द्वारा शहर की सबसे बड़ी आवासीय कालोनी बनायी जा रही है जिसमें शहर की लगभग 1.5 प्रतिशत आबादी शिफ्ट होगी इस आवासीय परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से चारों ओर सुरक्षा दीवार, सी.सी.कैमरे, चौडी सड़के, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन और लॉन टेनिस कोर्ट के साथ 10 फब्बारे, 8 पार्क भव्य प्रवेश द्वार और अन्य कई सुविधाओं



से सुसज्जित इस आवासीय परिसर का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है आवासीय कालोनी में शेष बचे फ्लैट, प्लाट और दुकानें के विक्रय हेतु शीघ्र जारी होगी निविदा- इस आवासीय परिसर में ई.डब्लयू.एस.के अलावा एलआईजी के 48 फ्लैट जिसमें से 11 फ्लैट का विक्रय हो चुका है, 37 फ्लैट विक्रय हेतु शेष है, इसी प्रकार एल.आई.जी.भूखण्ड जो 169 है, जिसमें से 48 भूखण्डों का विक्रय हो चुका है शेष 121 भूखण्ड विक्रय हेतु शेष है, जबकि एम.आई.जी. प्लाट 105 है जिसमें से 56 प्लाटों का विक्रय हो चुका है तथा 49 प्लाट विक्रय हेतु शेष है। इसी प्रकार आवासीय परिसर में 24 दुकानें बनायी गई है जिसमें से 19 दुकानों का विक्रय हो चुका है 5 दुकाने विक्रय हेतु शेष है। इसलिये नगर निगम द्वारा मेनपानी में शेष 37 एल.आई.जी. फ्लैट, 121 एल.आई.जी. भूखण्ड, 49 एम.आई.जी.भूखण्ड और 5 दुकानों के विक्रय हेतु शीघ्र ही निविदा जारी की जायेगी।

आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा आवासीय परिसर- मेनपानी आवासीय कालोनी में बड़े शहरों की भांति आधुनिक सुविधायें रहवासियों को उपलब्ध रहेगी कालोनी परिसर में प्रवेश द्वार से लेकर पूरी कालोनी में अलग-अलग स्थानो लगभग 10 रंगबिरंगे फब्बारे लगाये जा रहे है तथा रहवासियों को बैठने हेतु कालोनी में 9 पार्को को भी विकसित किया जा रहा है, इसके अलावा कालोनी परिसर में मोगली झरना, स्वीमिंग पूल आदि की भी व्यवस्थायें उपलब्ध रहेगी

---

# पुलिस आरक्षक भर्ती लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण युवा ले रहे प्रशिक्षण

**एजेंसी, देवरी सागर**

मध्यप्रदेश सरकार युवाओं को उनके सपनो को हकीकत मे बदलने और एक नयी उड़ान देने के के उद्देश्य से सागर जिले में आदरणीय कलेक्टर महोदय श्री दीपक आर्य जी के मार्गदर्शन और निर्देशन में खेल और युवा कल्याण विभाग, उच्च शिक्षा, विभाग एवं शिक्षा विभाग के माध्यम से युवा वर्ग पुलिस आरक्षक भर्ती लिखित परीक्षा के दूसरे चरण शारिरिक दक्षता परिक्षण हेतु उन्हे प्रशिक्षित किया जा रहा है। सागर जिले में विगत 01 अप्रैल 2022 से जिला मुख्यालय सहित 11 विकासखण्डों मे प्रशिक्षण कार्य चल रहा है, जिला मुख्यालय पर डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय खेल मैदान पर 129, पी.टी.सी. खेल मैदान सागर में 117, और एस.ए.एफ.बटालियन मैदान पर 58 और इसी प्रकार समस्त विकासखंडों में रहली के गढाकोटा मे गोपाल जी खेल परिसर मे 69, उच्च शिक्षा विभाग और शिक्षा विभाग के सयुंक्त माध्यम से उन्हे शारिरिक दक्षता परिक्षण जिसमे 800 मीटर रनिंग, गोला फेंक, लम्बीकूद, का अभ्यास प्रशिक्षकों द्वारा कराया जा रहा है।

## पृष्ठ 01 का शेष

# वेद मंत्र और बुन्देली गायन के बीच दुल्हनों ने पहनायी वरमाला

### आयोजन के अतिथियों ने की सेवाभाव की सराहना

ग्राम -धवर्रा में आयोजित इस अनूठे विवाह समारोह में मप्र और उप्र के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उप्र सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि यह आयोजन सेवाभाव की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी और मैंने एक साथ विद्यार्थी परिषद में काम किया है। उनका सेवाभाव निश्चित ही सीखने योग्य है। उन्होंने कहा कि ग्राम धवर्रा से उप्र के किसी भी जिले तक यात्री बस चलाने की आवश्यकता से जुड़ा कोई विषय यदि मेरे पास लाया जाएगा तो इसे सहर्ष स्वीकृति दी जाएगी। मप्र के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि किसी भी माता-पिता के लिए यह सबसे सुखद बाद होती है कि उनके बच्चे उनके पदचिन्हों पर चलकर सेवा के कीर्तिमान रचें। आज स्व. गणेश प्रसाद मिश्र और स्व. श्रीमति शांति मिश्र जी जहां भी होंगे निश्चित ही इस आयोजन को देखकर उन्हें प्रसन्नता हो रही होगी। उन्होंने न्यास के द्वारा सतना में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की। उन्होंने न्यास से अपील करते हुए कहा कि गायों की सेवा के विषय में भी न्यास रणनीति तैयार करे। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भी उक्त आयोजन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बारीकी तैयारियों को देखकर मैं अभिभूत हूँ। सेवा का संकल्प इनके पूज्य पिताजी से प्राप्त हुआ है।कार्यक्रम में डॉ. राकेश मिश्रा ने न्यास के



द्वारा किए जा रहे कार्यों को विस्तार से सभी के समक्ष रखा। आयोजन में किसान मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, कॉपरेटिव अध्यक्ष चक्रपाणी त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र श्री मानवेन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र उत्तर प्रदेश व प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री जे.के सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही एवं मप्र पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष व बड़ामलहरा विधायक प्रद्युम्न सिंह, महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित, चंदला विधायक राजेश प्रजापति, हटा विधायक पी.एल. तंतुवाय, महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, यूपी के एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व मंत्री ललिता यादव, पूर्व विधायक पुष्पेन्द्रनाथ पाठक ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में छतरपुर कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी सचिन शर्मा, महोबा कलेक्टर मनोज सिंह, डॉ. अरविंद कुमार, संजीव कुमार, अनिल कुमार, सुधीर सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, शिवशंकर सिंह, बालेन्दु सिंह, चक्रपाणि त्रिपाठी सतना से मनीषा सिंह, रवि द्विवेदी,जान्हवी त्रिपाठी, राकेश सिंह, नितिन तिवारी, अरविंद सिंह पप्पू, विजय दुबे, रमेश ओझा, संकटा प्रसाद द्विवेदी, कुलदीप पांडे सहित दिल्ली, छत्तीसगढ, हरियाणा और यूपी के कई गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित हुए। मंच संचालन विनीत रावत ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रतीक सक्सेना ने किया

### कार्यक्रम की खास झलकियां

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अतिथियों ने की।

विवाह समारोह अवसर पर बारातों की आगवानी उनकी वेशभूषा और बुन्देलखण्ड की परंपरा अनुरूप गायन ने सबका ध्यान खींचा।

कार्यक्रम में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यों पर आधारित पांचवीं पत्रिका (पंचम पुष्प) का विमोचन किया गया।

-इस अवसर पर न्यास के द्वारा प्लास्टिक को रिसाइकिल कर पाउडर बनाने वाली मशीन को पंचायत को सौंपकर लोकार्पण कराया गया। इस मशीन से विवाह समारोहों में निकलने वाले खराब प्लास्टिक को खेतों में जाने से रोका जाएगा।

आयोजन में शामिल हुए पुरोहितों, नाई एवं सभी सहायकों का भी शॉल-श्रीफल और नगद राशि देकर सम्मान किया गया।

दुल्हनों को विवाह के पूर्व सजाने के लिए ब्यूटी पार्लर की व्यवस्था की गई। उपहार में मंगलसूत्र, नाक की कील से लेकर संपूर्ण गृहस्थी 237 सामग्री सौंपी गई।

सभी महानुभावों व कार्यकर्ताओं को भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की

सतना में संचालित ग्रीन एम्बुलेंस सबके लिये आकर्षण का केन्द्र रही।

## ब्रीफ न्यूज

### रुस-यूक्रेन जंग से सच साबित होती दिख रही बाबा वेंगा की भविष्यवाणी

लंदन ।बुल्गारिया की दृष्टिहीन भविष्यवक्ता बाबा वेंगा ने अपने जीवन में कई भविष्यवाणियां कीं है। जिसमें कुछ वास्तव में सच साबित हुईं। अब जैसा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला जारी रखकर परमाणु युद्ध की धमकी दी है, तब उन्हें लेकर भी रहस्यवादी भविष्यवक्ता की भविष्यवाणी सामने आई है। दावा किया जा रहा है, कि बाबा वेंगा ने कहा था कि 'सभी पिघलेंगे जैसे कि बर्फ, केवल एक ही अछूता रहेगा-व्लादिमीर की महिमा, रूस की महिमा ।रूस को कोई नहीं रोक सकता। वह रास्ते से सब कुछ हटकर जगत का स्वामी बनेगा। बाबा वेंगा ने अपने जीवन के दौरान रूस के लिए एक शानदार भविष्य की भविष्यवाणी की थी ।बुल्गारियाई महिला ने भविष्यवाणी की थी कि रूस दुनिया की एकमात्र महाशक्ति होगा। महिला ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल और तीसरे विश्व युद्ध के बारे में भी एक भविष्यवाणी की थी ।ये भविष्यवाणी इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि रूसी मीडिया में पहले ही परमाणु युद्ध की चेतावनी दी जा रही है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध से विकासशील देशों को होगा खतरा, संयुक्त राष्ट्र ने चेताया

जिनेवा ।संयुक्त राष्ट्र के कार्यबल ने अपनी नई रिपोर्ट में चेताया है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध से कई विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था के चरमराने का खतरा है, क्योंकि ये देश खाद्य वस्तुओं व ईंधन की और अधिक कीमतों का सामना करने के चलते ज्यादा मुश्किल आर्थिक दौर से गुजर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यह रिपोर्ट जारी की। गुतारेस ने कहा कि कोरोना, जलवायु परिवर्तन और पर्याप्त वित्त पोषण के अभाव में अर्थव्यवस्था में सुधार लाने में पहले से ही संघर्ष कर रहे देशों में रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते खाद्य, ऊर्जा व आर्थिक संकट के और गहराने की आशंका है। व्यापार एवं विकास को बढ़ावा देने से संबंधित संरा एजेंसी की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने रिपोर्ट तैयार करने वाले कार्यबल के साथ समन्वय किया। उन्होंने कहा कि 107 देश खाद्य, ऊर्जा और आर्थिक संकट के कम से कम एक कारक, जबकि 69 मुल्क तीनों कारकों के मद्देनजर गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं। इन देशों को बेहद मुश्किल आर्थिक दौर का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें उबारने के लिए कोई बाहरी वित्त पोषण नहीं है, किसी वित्तीय सहयोग की कोई गुंजाइश भी नहीं है। रिपोर्ट में देशों से खुले बाजारों के जरिये खाद्य वस्तुओं और ईंधन का एक स्थिर प्रवाह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इसमें अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से पूंजी का अधिक प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया गया है।

### दुनिया के अरबपति एलन मस्क ने टिवटर को खरीदने की पेशकश की

न्यूयार्क ।इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने ट्विटर को खरीदने की पेशकश की है। अरबपति एलन मस्क ने 54.20 डॉलर प्रति शेयर मूल्य पर ट्विटर को खरीदने की पेशकश की है। इतना ही नहीं मस्क कैश में ट्विटर को खरीदना चाहते हैं। बता दें कि हाल ही में टेस्ला के मालिक ने ट्विटर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को ज्वाइन करने से मना कर दिया था। ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल ने इसकी जानकारी दी थी। इससे ट्विटर और इसके सबसे बड़े शेयरधारक के बीच संबंधों में नई अनिश्चितता के संकेत मिले थे। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क 54.20 डॉलर प्रति शेयर कैश में भुगतान करके ट्विटर को खरीदना चाहते हैं, जो 28 जनवरी की डील की तुलना में 54 फीसद प्रीमियम है।
इससे वैल्यू 43 अरब डॉलर की निकलकर आती है। मस्क के ऑफर के बाद ट्विटर का शेयर 18 फीसद चढ़ गया है। ट्विटर ने बताया कि मस्क कंपनी की शेष हिस्सेदारी भी खरीदना चाहते हैं।



**जंगल में आग**

न्यूमैक्सको के जंगलों में लगी आग से आसपास के घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा।

### यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले-

# रूस ने पांच दिन दिए थे हम 50वें दिन भी जिंदा हैं...

**एजेंसी, कीव**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की का राष्ट्रवाद अंततः वहां के नागरिकों को रिझा रहा है उन्होंने कहा कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू किया। 2014 में रूसी सैनिक हमारे यहां आए थे। उन्होंने हमारे क्रीमिया पर कब्जा कर लिया उन्होंने इसे एक बड़े सैन्य अड्डे में बदल दिया। पचास दिन पहले, 24 फरवरी को, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी यूक्रेन पर सैन्य हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। रूसी तोपखाने और हवाई हमलों ने यूक्रेनी शहरों को कुचल दिया, और क्रेमलिन की सेना सीमा पार देश में घुसकर बड़ा सैन्य अभियान चलाने लगी, जिससे बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा शरणार्थी संकट बन गया है। पचास दिन पहले, 24 फरवरी को, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी यूक्रेन पर सैन्य हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। रूसी तोपखाने और हवाई हमलों ने यूक्रेनी शहरों को कुचल दिया, और क्रेमलिन की सेना सीमा पार देश में घुसकर बड़ा सैन्य अभियान चलाने लगी, जिससे बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा शरणार्थी संकट बन गया है। लेकिन इन तमाम घटनाक्रमों के बीच यूक्रेन अभी भी खड़ा है और रूस को कड़ी टक्कर दे रहा है। यही वजह है कि यूक्रेन की सेना और राष्ट्रपति जेलेंस्की की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी आक्रमण के 50 दिनों को याद करते हुए अपने देश को पूरी दुनिया के लिए नायक बताते हुए सम्मानित किया। अपने सिग्नेचर स्टाइल में रात के संबोधन में, उन्होंने अपने साथी यूक्रेनियन की बहादुरी के लिए प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी दुनिया के आजाद लोगों के हीरो हैं। जेलेंस्की ने कहा, उन लोगों के लिए जो कुदाल को कुदाल कहने का साहस रखते हैं। उन लोगों के लिए जो झूठे प्रचार के जाल में नहीं फंसे। आप सभी नायक बन गए हैं। सभी यूक्रेनी पुरुष और महिलाएं जिन्होंने ये दंश झेला है और इसके विरुद्ध खड़े हुए हैं और हार नहीं मानी। आप ही जीतोगे।

### भारत ने भी वॉशिंगटन को दो टूक शब्दों में करारा जबाव दिया

# रूस से एस-400 मिसाइल खरीदने पर अमेरिका खफा

**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारत के रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने को लेकर अमेरिका आंखें तरेर रहा है। पर भारत ने भी वॉशिंगटन को इस मामले में दो टूक शब्दों में करारा जबाव दिया है और कहा कि वह अपनी सुरक्षा के लिए जो जरूरी होगा वो कदम उठाएगा। साथ ही अमेरिका के काटसा कानून पर भारत ने साफ किया कि यह उनका कानून है और इसपर उन्हें ही फैसला करना है। गौरतलब है कि अमेरिका यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की निंदा नहीं करने और अन्य मुद्दों को लेकर मुंह फुला रखा है। वह इसे लेकर भारत पर लगातार दबाव बनाने की कोशिश भी कर रहा है। लेकिन भारत अपने स्टैंड पर कायम है। दरअसल, काटसा कानून के तहत अमेरिका रूस से सैन्य साजो सामान खरीदने वाले देशों के खिलाफ प्रतिबंध लगा सकता है। इस कानून में ईरान, उत्तर कोरिया या रूस से सैन्य उपकरण खरीदने वाले देश अमेरिका के निशाने पर आ जाते हैं। भारत इस वक्त रूस से स-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद रहा है। इस पर अमेरिका कई बार भारत को प्रतिबंध की धमकी दे चुका है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका दौरे में भारत का रुख स्पष्ट कर दिया है।



पत्रकारों के सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि काटसा अमेरिका का घरेलू कानून है और इस पर वाशिंगटन को फैसला करना है। जयशंकर ने कहा, %ये तो अमेरिका का कानून है और इस पर जो भी करना है उन्हें ही करना है।% जयशंकर ने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा, उसपर बिना किसी प्रतिबंध की चिंता किए आगे बढ़ा जाएगा। भारत अभी रूस से एस-400 सिस्टम खरीद रहा है और अमेरिका ने अभी काटसा कानून के तहत भारत पर प्रतिबंध लगाने को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। अमेरिका का यह कानून बेहद कड़ा है। यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका वैसे देशों पर सख्त प्रतिबंध लगा सकता है जो रूस से हथियार खरीद रहा है। अभी भारत ने जैसा जवाब दिया है वो सख्त है। दूसरी तरफ अमेरिका भारत से मनुहार भी कर रहा है। अमेरिका के काटसा कानून की जद में रूस 2014 के क्रीमिया युद्ध के बाद आया था। इसके अलावा 2016 के अमेरिकी चुनाव में कथित हस्तक्षेप को लेकर वाशिंगटन उससे खार खाया हुआ है। भारत ने एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए अक्टूबर 2018 में रूस से 5 अरब डॉलर की डील किया था। उस समय डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत को कड़ी पाबंदी की धमकी दी थी। हालांकि, काटसा कानून के कुछ नियमों के कारण भारत पर कभी प्रतिबंध नहीं लगा था। भारत ईरान से तेल खरीदने के कारण भी अमेरिकी कानून की जद में आया था। तुर्की के रूस से S-400 मिसाइल सिस्टम खरीदने के कारण उस पर काटसा के तहत प्रतिबंध लगा हुआ है।

### पहले कोरोना हुआ है तो हो सकती है ये बीमारी

ऑक्सफ़ोर्ड ।क्या जिन लोगों को कोविड हुआ है, उनमें डायबिटीज विकसित होने की संभावना उन लोगों की तुलना में अधिक है जिन्हें नहीं हुआ है। यदि हां, तो क्या यह कोविड है जो मधुमेह का कारण बन रहा है, या कुछ और है जो दोनों को जोड़ता है? हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि कोविड होने और डायबिटीज होने के बीच एक संबंध है। 18 वर्ष से कम आयु के 500,000 से अधिक लोगों, जिन्हें कोविड हुआ था, के रिकॉर्ड के आधार पर अमेरिकी डेटा, में पाया गया कि इन युवा लोगों को उनके संक्रमण के बाद डायबिटीज होने की संभावना थी, उन लोगों की तुलना में जिन्हें कोविड नहीं हुआ था और जिन्हें महामारी से पहले अन्य श्वसन संक्रमण था ।बुजुर्गों के एक वर्ग पर किए गए एक अन्य अमेरिकी अध्ययन में 40 लाख से अधिक रोगियों के विश्लेषण में समान पैटर्न मिला ।इस मामले में, डायबिटीज के अधिकांश मामले टाइप 2 थे ।80 लाख से अधिक रोगियों के मेडिकल रिकॉर्ड पर आधारित एक जर्मन अध्ययन में फिर से पाया गया कि जिन लोगों को कोविड था, उनमें बाद में टाइप 2 मधुमेह होने की संभावना अधिक थी ।डायबिटीज विभिन्न प्रकार के होते हैं।

### पाक नेता ने पुर्तगाल को पेशावर बता इमरान की रैली बोलकर साझा की नासा की तस्वीर

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

इमरान खान की विदाई के बाद पेशावर में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने एक रैली का आयोजन किया। जनसभा में उन्होंने विपक्ष से लेकर अमेरिका पर जमकर निशाना साधा। पीटीआई नेताओं का दावा है कि यह जलसा कामयाब हुआ और इसमें भारी भीड़ शामिल हुई थी। लेकिन इस बीच पीटीआई के एक नेता ने इमरान की रैली को लेकर कुछ ज्यादा ही बड़ा दावा कर दिया। नेता ने गुरुवार को कुछ तस्वीरें ट्विटर पर शेयर कीं और दावा किया कि ये पेशावर जलसे की हैं। पाकिस्तान के संसदीय मामलों के पूर्व राज्य मंत्री अली मुहम्मद खान ने तीन तस्वीरें शेयर कीं। इनमें से एक फोटो वास्तव में अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की थी जो अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से खींची गई थी। फोटो में जगमगाने वाली जगह दरअसल इबेरियन प्रायद्वीप है जो स्पेन और पुर्तगाल में पड़ती है। नासा ने आठ साल पहले 2014 में यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था, %अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर मौजूद अभियान के 40 चालक दल के सदस्यों में से एक ने 26 जुलाई 2014 को इबेरियन प्रायद्वीप की शाम की इस तस्वीर को खींचा था। इसी तस्वीर को शेयर करते हुए पीटीआई नेता ने लिखा, पेशावर का शुक्रिया, लोगों के महासागर ने अपना फैसला सुना दिया है। यूजर्स को यह समझने में बिल्कुल देर नहीं लगी कि यह तस्वीर पेशावर की नहीं है और उन्होंने अली मुहम्मद खान को ट्रोल करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान के एक यूजर ने लिखा, गलत तस्वीरों का इस्तेमाल करके लोगों को गुमराह करना बंद करें। ज्यादातर यूजर्स ने नासा की पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया।

# यूक्रेन युद्ध में पुतिन के परमाणु हमले की दहशत के बीच ब्रिटेन में एटम बम तैनात करेगा अमेरिका

**एजेंसी, मास्को**

यूक्रेन पर रूस के हमले को 50 दिन से भी ज्यादा हो गए हैं और भीषण जंग अभी बी जारी है। जंग के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के परमाणु हमले की धमकी से दहशत में आए अमेरिका ने अब 14 साल बाद एक बार फिर से ब्रिटेन में परमाणु बम तैनात करने का फैसला किया है। अमेरिका ने एक बार फिर से ब्रिटेन को यूरोप के उन देशों की सूची में शामिल किया है जहां पर परमाणु बम तैनात किया गया है। अमेरिका ने रूस के किसी भी दुस्साहस का करारा जवाब देने के लिए तुर्की समेत यूरोप के कई नाटो सदस्य देशों में करीब 100 परमाणु बम बंकरों के अंदर छिपा रखे हैं।



अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने ब्रिटेन के रॉयल एयरफोर्स के लाकेनहेथ हवाई ठिकाने पर परमाणु बम रखने का फैसला किया है। इससे पहले भी इसी ठिकाने पर अमेरिका ने परमाणु बम तैनात किया था ताकि एफ-15ई फाइटर जेट के जरिए उनका इस्तेमाल किया जा सके। इस दस्तावेज में कहा गया है कि अमेरिका बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, ब्रिटेन और तुर्की में विशेष हथियारों (परमाणु हथियार) के लिए जरूरी आधारभूत ढांचे पर 38 करोड़ 40 डॉलर खर्च कर रहा है। फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट के परमाणु वैज्ञानिक हांस क्रिस्टेंशन का कहना है कि विशेष हथियारों से तात्पर्य परमाणु हथियार स्टोरेज केंद्र से है। इस बीच ब्रिटेन के अधिकारियों ने बातचीत में इसकी पुष्टि की लेकिन यह भी कहा कि हम इसके बारे में कोई सूचना नहीं देंगे क्योंकि यह एटम बम की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि ब्रिटेन के लाकेनहेथ ठिकाने पर 1990 के दशक में 33 अंडरग्राउंड स्टोरेज तहखाना बना हुआ है। अमेरिका ने पहले यहां पर न्यूक्लियर ग्रेविटी बम छिपाकर रखे थे। 2000 के दशक तक माना जाता था कि इस ठिकाने पर 110 बी61 ग्रेविटी परमाणु बम रखे गए थे। साल 2008 में हांस क्रिस्टेंशन ने खुलासा किया था कि अमेरिका ने अपने सारे परमाणु बम हटा लिए थे। अब 14 साल बाद यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका एक बार फिर से इस ठिकाने को परमाणु बम से लैस करने जा रहा है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि परमाणु बम इस ठिकाने पर पहुंच गए हैं या उन्हें निकट भविष्य में रखा जाएगा। इन परमाणु बमों को गिराने के लिए अमेरिका ने कई अत्याधुनिक फाइटर जेट वहां तैनात कर रखे हैं।

## » न्यूज कैप्सूल »

### मुहबोले भांजे ने विवाहिता के साथ की ज्यादती

**भोपाल।** पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में विवाहिता के साथ उसके मुहबोले भांजे द्वारा ज्यादती किये जाने की घटना प्रकाश मे आई है। बताया गया है कि आरोपी पीडीता के गॉव का रहने वाला है, जो इन दिनो राजधानी मे आकर उसके ही घर मे रह रहा था। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय विवाहिता इलाके मे स्थित एक बस्ती में अपने पति ओर देवर के साथ रहती है। उसका पति प्राइवेट काम करता है। कुछ समय पहले नटेरन से महिला का मुंहबोला भांजा विनोद अहिरवार उनके साथ आकर रहने लगा था। विनोद पीडीता के पति के साथ काम पर जाता था। आरोप है कि बीती 12 अप्रैल को विनोद ने बहाना बनाकर काम पर नहीं गया ओर महिला का पति ओर देवर अपने अपने काम पर चले गए। विवाहिता को अकेला पाकर विनोद ने उसे धमकाते हुए अपनी हवस का शिकार बना डाला। बाद मे आरोपी ने महिला के साथ मारपीट कर उसे घटना के बारे मे किसी को न बताने की धमकी दी। पीडीता ने डर के कारण उसकी करतूत के बारे मे पति को भी नही बताया। लेकिर बीते दिन आरोपी विनोद ने किसी बात को लेकर उससे झगडा किया जब विवाहिता ने उसका विरोध किया तो विनोद ने उसके साथ पीड़ित मारपीट कर दी। परेशान होकर महिला ने सारी बात अपने पति बताई। इसके बाद पति उसे लेकर थाने जा पहुचां। मामला दर्जकर पुलिस आरोपी की धरपकड के प्रयास मे जुटी है। बताया गया है रिर्पोट दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी राजधानी से फरार हो गया है।

### खेत पर पानी की मोटर स्टार्ट करते समय करंट लगने से गई किसान की जान

**भोपाल।** शहर के ग्रामीण इलाके बैरसिया में खेत में पानी की मोटर चालू करते समय किसान करंट से लगने से मौत हो जाने की घटना प्रकाश मे आई है। सूचना मिलने पर पहुचीं पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरु कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम गोडिया सनखेड़ा मे रहने वाला लक्ष्मीनारायण गुर्जर पुत्र मोहर सिंह (20) पेशे से किसान था। बीती सुबह वो खेत में सिंचाई करने के लिये गया था। खेत पहुचने पर उसने पानी की मोटर स्टार्ट करने के लिये जैसै ही स्विच दबाया तभी वो करंट की चपेट में आकर बेसुध होकर जमीन पर गिर गया। थोडी देर बाद जब परिजनों ने उसे देखा तो उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुचें। लेकिर वहां शुरुआती चेकअप के बाद ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मर्क कायम कर जॉच मे जुटी पुलिस का कहना है, कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### शादी का झांसा देकर कैफे संचालक ने युवती को बनाया हवस का शिकार

**भोपाल।** राजधानी के टीटी नगर इलाके मे एक युवती को शादी का झांसा देकर कैफे संचालक द्वारा दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पीडीता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। थाना पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय युवती ने शिकायत करते हुए बताया कि वो मूल रूप से बुरहानपुर की रहने वाली है, ओर राजधानी मे दस नंबर स्टॉप के पास एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी। जिस दुकान पर वो काम करती थी, उसके पास ही अमन कैफे नाम से अन्य दुकान थी, ओर वही से उसकी दुकान मे चाय नाश्ते का सामाना आता था। इस दौरान उसकी पहचान कैफे संचालक अमन शर्मा से हो गई। जल्द ही उनकी पहचान दोस्ती ओर फिर प्रेम-प्रसंग मे बदल गई। आरोप है कि थोडे दिनो बाद ही अमन ने उसे शादी करने का प्रस्ताव दिया, जिसे पीडीता ने स्वीकार कर लिया।

इसके बाद अमन ने उससे जल्द ही शादी करने का वादा कर अपने साथ पंचशील नगर मे किराये का कमरा लेकर लिव-इन में रख लिया। लिव-इन में रहने के दौरान अमन ने युवती का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पीडीता जब भी उसका विरोध करती तो वो जल्द ही शादी करने की बात कहकर उसे खामोश कर देता। लिवइन मे काफी समय रहने के बाद युवती को अहसास हुआ कि अमन उससे दुरिया बनाने लगा है। उसकी नियत बदलते देख युवती ने उसपर शादी करने के लिये अधिक दबाव बनाना शुरू किया। जिस पर आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पीडीता थाने जा पहुचीं जहॉ पुलिस ने अमन के खिलाफ बलात्कार का मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# गुड फ्राइडे, विशेष आराधना में सुनाई सात वाणियां



**दमोह।** शुभ शुक्रवार, गुड फ्राइडे पर मसीही समाज ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद किया। मसीही समाज का प्रमुख त्यौहार ईस्टर सप्ताह चल रहा है जिसके चलते 15 अप्रैल को स्थानीय चर्च भवन में शुभ शुक्रवार की विशेष आराधना सभा गरिमामय रुप से संपन्न हुई। इस दिन प्रभु यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था जिनके दोनों हाथ और पैर में कीले ठोक दिये गये थे, सिर पर कांटों का ताज रखा गया था। इसी समय यीशु मसीह ने सात वाणियां कहीं थीं जिन पर विस्तार से व्याख्या की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.मिस वंदना चरण के द्वारा गरिमामय रूप से किया गया। प्रारंभ में भाई संजीव लैम्बर्ट, मार्शल मैसी, अभिनव चटर्जी के द्वारा मसीही गीत प्रस्तुत किया गया। पास्टर प्रवीण पॉल के द्वारा समाज से संबंधित सूचनाएं प्रसारित करते हुए बताया गया कि 17 अप्रैल को न्यूज़ 24 में संध्या 4:30 बजे साथ न्यूज़ 24 मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ में संध्या 5 बजे एवं शुभ संदेश चौनल पर संध्या 7:30 बजे ईस्टर पर्व पर विशेष प्रसारण बिख्यात वक्ता डॉ. अजय लाल का किया जायेगा। साथ ही आपने मसीही समाज से संबंधित जानकारियां प्रसारित कीं। प्रभु यीशु मसीह ने क्रूस पर से जो प्रथम वाणी हे पिता इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये जानते नहीं कि क्या करते हैं की व्याख्या डॉ. श्रीमती विजेयता अग्निभोज के द्वारा की गई जिसमें बाइबिल पाठ मिस जिया होसन्ना लाल के द्वारा पठन किया गया। दूसरी वाणी आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा की व्याख्या डॉ. श्रीमती रबैका सिंग के द्वारा की गई। बाइबिल पाठ का पठन मिस अविशा अग्निभोज के द्वारा किया गया। तीसरी वाणी हे नारी, देख, यह तेरा पुत्र है। तब उस चेले से कहा, यह तेरी माता है की व्याख्या श्रीमती प्रतिमा प्रसाद के द्वारा की गई। वहीं बाइबिल पाठ का पठन मिस जैशना प्रसाद के द्वारा किया गया। चौथी वाणी हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया की व्याख्या सीमांत वाल्टर्स के द्वारा की गई। बाइबिल पाठ का पठन मिस डॉल राम के द्वारा किया गया। पांचवी वाणी मैं प्यासा हूं की व्याख्या विन्सटन मसीह के द्वारा की गई वहीं बाइबिल पाठ का पठन मिस इवेंजलिन दास के द्वारा किया गया। छठवीं वाणी पूरा हुआ की व्याख्या श्रीमती प्रशंसा कुमार के द्वारा की गई। बाइबिल पाठ का पठन विशेषता मसीह के द्वारा किया गया। सातवीं वाणी हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं की व्याख्या श्रीमती पॉली नथानिएल के द्वारा की गई वहीं बाइबिल पाठ का पठन मिस शैफाली शिफा लाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पास्टर डॉ. मनोज मलाकी के द्वारा सातों वाणियों पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि यीशु मसीह की क्रूस पर से कही गई अंतिम सात वाणियां हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। जहां यीशु मसीह उन पर अत्याचार और उनको क्रूर मृत्यु देने वाले लोगों के लिए भी परमेश्वर से प्रार्थना करके उन्हें क्षमा प्रदान करते हैं। वहीं सांसारिक जबाबदारी का निर्वाह करते हुए अपनी सांसारिक मां के लिए भी रास्ता दिखाते हैं। यीशु मसीह संसार को प्रेम, दया, करुणा, क्षमा, उद्धार का संदेश देने के लिए आये। हम सभी को आज अपने जीवनों को जांचना है, परखना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या मसीही समाज के महिलाओं, पुरूषों एवं युवाओं की उपस्थिति रही।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा का मिलन समारोह संपन्न



**दमोह।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा सागर संभाग का मिलन समारोह स्थानीय पवित्र बंधन मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। जिसमें सभी पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष सावित्री तिवारी के मार्ग निर्देशन में संभागीय अध्यक्ष प्रीति गौतम द्वारा अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज को मजबूत करने के लिए, नारी शक्तियों को जागृत करने के लिए, बेटियों को स्वावलंबी बनाने के लिए, मन वचन कर्म से संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ ली गई। तत्पश्चात 251 नारी शक्तियों द्वारा सुहाग का प्रतीक सुहागले कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सभी महिलाओं ने पूजन अर्चन कर समाज में एकजुटता बनाए रखने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सावित्री तिवारी द्वारा प्रीति गौतम को संभागीय अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी समाज की महिलाओं द्वारा बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हमेशा ही सक्रिय रहते हुए जिस प्रकार से कार्य किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में संपूर्ण प्रदेश से हटकर दमोह में ब्राह्मण समाज की महिलाओं का संगठन अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी एवं सहयोगी गण उपस्थित रहे। सुहागलो के उपरांत सभी महिलाओं को भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

## धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम प्रकटोत्सव



**दमोह।** जिला जेल के पास स्थित शिव शनि हनुमान मंदिर परिसर में सर्व ब्राह्मण समाज की आयोजित बैठक में आगामी 3 मई को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि 3 मई को प्रात: 8 बजे परशुराम टेकरी पर भगवान परशुराम का पूजन, अर्चन, हवन होगा व प्रसाद वितरण किया जाएगा, प्रात: 10 बजे से सिविल वार्ड नं. 4 में स्थित शिव पार्वती मंदिर में सुंदरकांड, हवन तथा यहीं से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई शिव पार्वती मंदिर पर समाप्त होगी, जहां पर पूजन उपरांत प्रसाद वितरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भगवान परशुराम प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर 2 मई को शाम 5 बजे जिला जेल के पास शिव, शनि, हनुमान मंदिर से विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। बैठक में वक्ताओं ने व्यापक प्रचार प्रसार कर भव्य शोभायात्रा व विशाल वाहन रैली को सफल बनाने की अपील की। बैठक में पं. बिहारी लाल गौतम, गोपाल प्यासी, विद्यासागर पांडे, उमाकांत पौराणिक, स्वामी अशोक तिवारी, ललित नायक, मनु मिश्रा, अनिल मिश्रा, मिथिलेश श्रीधर, कमलेश भारद्वाज, मोनू पाठक, डॉ.एलएन वैष्णव, मनीष तिवारी, ऋषि तिवारी, मनोज देवलिया, अनिल बैरागी, मुकेश पांडे, कृष्ण कुमार गर्ग, नितिन मिश्रा, डॉ. नवीन दुबे, आलोक मुखरैया, संदेश चौबे, वेद दुबे, राम गौतम, गुड्डा हजारी, राम मिश्रा, देवेंद्र तिवारी, बंटी शुक्ला, बृजेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में विप्रों की मौजूदगी रही। संचालन बीएम दुबे ने किया तथा आभार मनोज देवलिया ने माना।

## रेल संघर्ष समिति ने रेलवे बोर्ड मेंबरों को रेल सुविधाओ हेतु ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** रेल संघर्ष समिति द्वारा दमोह पहुंचे रेलवे बोर्ड के सदस्य कमलेश वर्मा (मुंबई) एवं अभिलाष पांडे (जबलपुर) को दमोह रेलवे स्टेशन पर विभिन्न अपेक्षित रेल सुविधाओं की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रुप से बीना कटनी रेल खंड पर 2 साल से बंद 11 ट्रेनों को जल्द प्रारंभ कराने तथा दमोह रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकने वाली छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एवं दुर्ग जम्मू ट्रेन का अभिलंब स्टॉपेज कराए जाने की मांग की गई है। दमोह रेल संघर्ष समिति की ओर से उपरोक्त ज्ञापन देने वालो में प्रांजल चौहान, सुरेंद्र छोटू दवे, लखन राय,संतोष रैकवार, अतुल जैन की प्रमुख रूप से मौजूदगी रही। क्लास माडल रेलवे स्टेशन बस कहने के लिए रेलवे द्वारा घोषित। क्लास माडल रेलवे स्टेशन है, इस रेलवे स्टेशन पर प्रमुखतम बुनयादी यात्री सुभिदाये तक नही है, हमारी समिति को लगता है, कि दमोह रेलवे स्टेशन के साथ जानबूझकर अन्याय किया जा रहा है।दमोह रेलवे स्टेशन पर 2 प्रमुख ट्रेनों के स्टापेज नही है,जोकि मध्यप्रदेश के सभी प्रमुख छोटे बड़े रेलवे स्टेशन पर रूकती है, पर दमोह रेलवे स्टेशन पर नही रूकती है, जबकि हमारी समिति द्वारा पिछले 11 वर्षो से निरंतर मांग कर रही है। इसी तरह पिछले 2 साल से ज्यादा समय से बंद 11 ट्रेने जिनमे चार दमोह-बीना पैसिंजर, कटनी-बीना पैसिंजर, बीना-कटनी पैसिंजर जबलपुर-कोटा एक्सप्रेस नियमित है को जल्द शुरू किया जाए। लंबे समय से बंद त्रि-दिवसीय नाईट एक्सप्रेस जबलपुर-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं जबलपुर-खजुराहो एक्सप्रेस को नये समय अनुसार जबलपुर से नाईट एक्सप्रेस के रूप में चलाया जाये। बंद साप्ताहिक ट्रेन बीकानेर-बिलासपुर साप्ताहिक अन्त्योदय एक्सप्रेस, दुर्ग-फिरोजपुर दीनदयालु अन्त्योदय एक्सप्रेस, संतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस, शालीमार-भुज साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं जबलपुर-अटारी एक्सप्रेस को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। सागर-दमोह होकर वाया कटनी-जबलपुर-गोंदिया होते हुये नागपुर तक प्रतिदिन सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन एवं दमोह-सागर होकर पुणे एवं बेंगलोर तक सुपरफास्ट ट्रेन चलाए जाने सहित अन्य मांगे ज्ञापन में की गई है।

## वर्ल्ड विजन ने ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट का किया सम्मान



**दमोह।** यदि आप पीडित मानवता की सेवा कर रहे है, वह किसी ईश्वर के दर्शन से कम नहीं होता है, निदा फासली ने कहा कि मंदिर मस्जिद है दूर चलो कुछ यू कर ले किसी रोते हुए बच्चे को हंसाये, यदि किसी रोते हुए चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहे तो यह भी देव पूजा ही है, यह बात हटा के बुंदेली रसोई के सभागार में आयोजित, बाल सुरक्षा समिति की बैठक में डब्लू मास दिल्ली की डायरेक्टर दिपाली सिंहा ने मैदानी क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं व सहयोगियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि किसी मकान को तैयार करने में उसकी नींव का बहुत ही महत्व होता है, इसी तरह मानव का स्वास्थ्य, सुरक्षा, विकास के लिए उनका जागरूक होना जरूरी है, क्षेत्र में आप सभी वर्ल्ड विजन के माध्यम से जागरूकता ला रहे यह एक नेकी का कार्य है। इस अवसर पर वर्ल्ड विजन के कार्यक्रम प्रबंधक जेआर नंदा ने दिपाली सिंहा का परिचय करते हुए बताया की जब इस गांव की बेटी देश व विश्व में अपने गांव का नाम रोशन कर रही है इसी अनेक प्रतिभाएं भी इस क्षेत्र में है जिन्हे उभारने का आप सभी को प्रयास करना होगा, वर्ल्ड विजन का उद्देश्य बताया एवं क्षेत्र में मिल रहे सहयोग व सकारात्मक परिणाम की जानकारी सभी से शेयर की, वर्ल्ड विजन के ब्लाक समन्वयक डीएन जाटवर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मैदानी कार्यकर्ताओं के कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि गांव में सभी से समन्वय बनाकर कार्य करे ताकि हमारे उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके, सहयोगी फ्रांसिस दयाल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर वर्ल्ड विजन द्वारा अतिथि दीपाली सिंहा का सम्मान वार्षिक डायरी प्रदान करते हुए किया एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को यूनिफार्म का वितरण भी किया गया।

## झलोन में विराट युवा कवि सम्मेलन ने देर रात तक गुदगुदाया



**दमोह।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक भक्ति उत्सव के चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर झलोंन में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जबेरा विधायक धमेंद्र सिंह लोधी रहे।अध्यक्षता भूपेंद्र जैन ने की। कवि सम्मेलन का शुभारंभ हटा की कवियत्री पलक जैन ने श्री महावीर वंदना के साथ मंगलाचरण से किया, बालाघाट के कवि अभिषेक उत्कृष्ट साहित्य लेखनी से शाकाहार और देश की वर्तमान परिस्थितियों पर तीखे व्यंग की कविताएं प्रस्तुत की सगरा के अमन अक्षर के चुटकुलों ने श्रोताओं को हसने पर मजबूर कर दिया। दमोह से पधारे हास्य कवि भूपेंद्र जैन की बुंदेली रचनाओं ने कार्यक्रम में समा बांध दिया व्यंग कविता ने खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संयोजक सजल झलोन ने श्रृंगार रस युवाओं के मन को प्रसन्न कर दिया। संचालन अनेकांत आदित्य आयोजन को सफलता की और अग्रसर किया। कवि सम्मेलन की विशेष बात रही कि सभी कवियों ने मर्यादित शब्द शैली में अपनी बात श्रोताओं तक पहुचाई इसके पूर्व सभी कवियों का सम्मान झलोन जैन समाज के द्वारा श्री फल तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि अनूप सिंह लोधी, डॉ.परम सिंह विवेक जैन, कैलाश सिह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, मुकेश जैन, रूपलाल विश्वकर्मा, भोजराज जैन सकल जैन समाज व् कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। आयोजन समिति के द्वारा विधायक् जबेरा तेजगढ़ मंडल के कार्यकर्ताओं का केसरिया दुपट्टा डाल कर स्वागत किया गया।

## शाम 6.30 बजे तक मिलेगी एंट्री, जुलाई तक यही रहेगा शेड्यूल

**भोपाल।** भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क के खुलने और बंद होने की टाइमिंग 16 अप्रैल से बदल जाएगी। नेशनल पार्क सुबह 6 बजे से खुल जाएगा और शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। बंद होने के 30 मिनट पहले यानी शाम 6.30 बजे तक टूरिस्टों की एंट्री बंद की जाएगी। 31 जुलाई तक यही शेड्यूल रहेगा। नेशनल पार्क की साल में 4 बार टाइमिंग बदलती है। इसके चलते ही 16 अप्रैल से टाइमिंग में बदलाव किया जाएगा। वन विहार के अफसरों ने बताया, गर्मी के चलते देरी से सूर्यास्त होता है। इसलिए शाम 7 बजे तक वन विहार खुला रहेगा। हालांकि, एंट्री 6.30 बजे तक ही मिलेगा। ताकि, 30 मिनट में टूरिस्ट घूमकर वापस चले जाए। पार्क के दोनों गेट से टूरिस्ट आ-जा सकेंगे।

16 अप्रैल से वन विहार के खुलने और बंद करने में 30-30 मिनट की बढ़ोतरी होगी। 31 जुलाई तक यह सुबह 6 से शाम 7 बजे तक खुला रखा जाएगा। 1 अगस्त से फिर टाइमिंग बदल जाएगी। पार्क सुबह 6.30 बजे खुलेगा और शाम 6.30 बजे बंद होगा।

31 अक्टूबर तक यही टाइमिंग रहेगी। 1 नवंबर से 15 फरवरी तक सुबह 6.30 बजे से खुलेगा और शाम को 6 बजे बंद हो जाएगा। 16 फरवरी से टाइमिंग सुबह 6.30 से शाम 6.30 बजे तक रहेगी। यह शेड्यूल 15 अप्रैल तक जारी है।

### 1600 से ज्यादा जानवरों के दीदार होंगे

वन विहार में बाड़े और खुले में घूमने वाले जानवरों की संख्या 1600 से ज्यादा है। लोग शेर, टाइगर, मगरमच्छ, घडियाल, भालू, गौर, तेंदुआ के साथ ही हिरण, बारहसिंगा, सांभर, हिरण, मोर, नीलगाय, लंगूर, जंगली सूअर आदि के दीदार कर रहे हैं। चूंकि, अब पार्क एक घंटा ज्यादा देर तक खुला रहेगा। ऐसे में टूरिस्टों को जानवरों के दीदार अच्छे से हो सकेंगे। जानवरों की सुबह-शाम बाड़ों में चहल-कदमी ज्यादा बढ़ जाती है।

## दमोह में अलसुबह तक चले अ.भा.हास्य कवि सम्मेलन में प्रतिभाएं हुई सम्मानित




**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार आयोजित यह कवि सम्मेलन कवि स्व.श्री प्रेमचंद्र विद्यार्थी को समर्पित करते हुये युवक क्रांति संगठन एवं श्री पार्श्वनाथ दिग. जैन मंदिर जबलपुर नाका के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय उमा मिस्त्री की तलैया में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन विधायक अजय टंडन, पुलिस अधीक्षक डी. आर. तेनीवार, प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवाल, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, भारत विकास परिषद अध्यक्ष प्रकाश जैन,के आतिथ्य में आयोजित किया गया। रात 9 बजे से प्रारंभ हुये कवि सम्मेलन में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन के दौरान हास्य रस के साथ वीर व श्रृंगार रस की वर्षा में दर्शकों ने रात भर गोते लगाए। कार्यक्रम प्रथम चरण में भगवान बड़े बाबा चित्र के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर जहॉं इस अवसर पर कविगणों एवं अतिथियों का स्वागत डॉ. जय कुमार जैन, डॉ. आर.के. जैन,जय कुमार जैन पुरा, डॉ. आशीष जैन रूपचंद्र जैन (सी.ई.ओ), विनय मलैया, सुधीर विद्यार्थी मनोज जैन स्वतंत्र,संजय जैन नीलम दिनेश प्यासी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुनील विद्यार्थी एडवोकेट, मनोज जैन, पंकज खरे एडवोकेटे नारायण एडवोकेट, सौरभ विद्यार्थी, मधुवाला जैन, मधु जैन सुरभि जैन,ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने युवक क्रांति संगठन के निरंतर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कवि सम्मेलन की सराहना करते हुये स्व.कवि श्री प्रेमचंद्र विद्यार्थी को याद करते हुये उनकी साहित्यिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को याद कर सराहना की।

रात भर लगे ठहाके- कार्यक्रम का शुभारंभ भोपाल से पधारी नम्रता ने सरस्वती वंदना से की।तत्पश्चात् मुरादाबाद से पधारी डॉ.अमीता (जीनत) ने अपनी रचना यमुना दिखाई दे कहीं गंगा दिखाई दें,मुझकों को चारों तिरंगा दिखई दें कुछ,ऐसा आज हम करें इस देश के लिए भारत में कहीं कोई न दंगा दिखाई दे। तद्पश्चात इटारसी से पधारे राजेन्द्र मालवीय आलसी ने अपनी रचना हम अपनी जिंदगी के अनुभव का इस तरह बखान करते है, कि पहले जब हम बच्चे थें तो अपने बाप से डरते थे,आज हम बाप है तो अपने बच्चों से डरते ठें व्यंगकार सुरेन्द्र यादवेन्द्र वारां राजस्थान ने हास्य को उचाईयों तक पहुंचाते हुये कहा सारी अकड़ निकल गई अकड़ी हुई थी जिंदगी खुद ही के जाल में फसी मकड़ी हुई थी जिंदगी राजा हो या रंग या फकीर शहंनशाह इक वायरस के खौफ में जकड़ी हुई थी जिंदगी। कवि सम्मेलन को और उचाईयों पर पहुंचाते हुये कोटा से पधारे गीतकार कुँवर जावेद ने अपनी रचना गिजाऐं खाते हैं यह ए.सी.होटलों में और सड़क पे भूखें की नंगे की बात करते है, मजाक देखिये इससे ज्यादा क्या होगा। दुरंगे लोग तिरंगे की बात करते है। भोपाल से पधारी नम्रता नमिता ने अपनी रचना में कहा ये अदब की महफिलै ये रतजगे तुमसे मिलने का बहाना हो गया। इसी तरह दमोह की कवियत्री बबीता चौबे ने अपनी रचना मैं हिन्दुस्तान की माटी,मैं हिन्दुस्तान की बेटी गरजती हूं बरसती हूं मैं ही उपवन बसाती हूं। इसी तरह उज्जैन से पधारें हास्य कवि अशोक भाटी ने अपनी रचना शामिल तेरे लहजे में,मुझे फितूर लगता है मशहूर होकर तू बहुत मगरूर लगता है। किसी से पूछ जाकर सुहाग के मानो तूं जहां थूकता है वहां सिंदूर लगता। अल सुबह तक चले कवि सम्मेलन में जहां हास्य एवं गीत गजल के रचनाकारों की रचनाओं से श्रोताओं को एक सूत्र में बाधें रखा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनेंगे दो साल में बनेंगे 14 हजार आवास

**भोपाल।** राजधानी में आगामी दो वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 14 हजार से अधिक मकान बनाए जाएंगे। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोकता, 12 नम्बर बस स्टाप, गंगा नगर/ श्याम नगर, राहुल नगर पार्ट-1, मालीखेडी, भानपुर, हिनोतिया आलम, बागमुगालिया, बाजपेयी नगर पार्ट-2 एवं रासलाखेडी में आवासीय परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। यहां 8268 आवास बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा साल 2024 से पहले 5793 आवासों का और निर्माण किया जाएगा।

गौरतलब है कि भोपाल में प्रधानमंत्री आवासों के लिए तीन वर्षों में 6072 मकान बनाए गए हैं। वर्ष 2019-20 में पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या 1625 थी, इनके लिए आवासों का निर्माण लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च करके करवाया गया था। वहीं वर्ष 2020-21 में पंजीकृत हितगाहियों की संख्या 1817 थी।

### शहर के 10 से ज्यादा स्थानों पर हो चुका है विरोध प्रदर्शन

# शराब ठेके का विरोध: मनीषा मार्केट में दुकान के सामने बांटा दूध और मठा, किया सुंदरकांड



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में मार्केट या रहवासी इलाकों में खुली शराब दुकानों का जमकर विरोध हो रहा है। शहर के 10 से ज्यादा स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए जा चुके हैं। अब मनीषा मार्केट में भी लोग शराब दुकान के विरोध में सड़क पर उतर गए हैं। लोगों ने दुकान के सामने ही दूध और मठा बांटा। वहीं, डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भी मनाई। शुक्रवार शाम को वे सुंदरकांड का पाठ करेंगे। शराब दुकान के विरोध में युवा कांग्रेस भी मैदान में उतर गई है। युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष गोपिल कोटवाल ने बताया, मनीषा मार्केट हॉस्पिटल और मंदिर के बीच एक नई शराब की दुकान खोली दी गई है। इसे लेकर रहवासियों ने शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। इसके चलते ही अब रोज सुंदरकांड का पाठ करके दुकान का विरोध जता रहे हैं। नियमानुसार हॉस्पिटल और मंदिर से शराब दुकान 50 मीटर दूर होना चाहिए, लेकिन यह दुकान 20 से 25 मीटर के डिस्टेंस पर शुरू कर दी गई।

### हर आने-जाने वालों को दूध के पैकेट बांटे

विरोध कर रहे लोगों ने गुरुवार रात डॉ. अंबेडकर जयंती की जयंती दुकान के सामने ही मनाई और हर आने-जाने वालों को दूध-मठा के पैकेट दिए। लोगों का कहना है कि दुकान नहीं हटाई गई तो प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में विधायक प्रतिनिधि विशेष राय सक्सेना, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव, सुनील यादव, कुणाल गजभिए, ओपी सौरिया, साजिद खान, गणेश मालवीय आदि भी मौजूद रहे।

### एक साथ उठीं तीन दोस्तों की अर्थियां

# केरवा डैम 'मौत के कुएं' में डूबने से हुई थी मौत शुभम के पिता ने किया बेटे का अंतिम संस्कार



**भोपाल।** राजधानी के केरवा डैम के 'मौत के कुएं' में गुरुवार दोपहर डूबने वाले 11वीं के तीनों स्टूडेंट्स का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया। तीनों की एक साथ मोहल्ले से अर्थियां निकलीं। यह मंजर देखकर लोगों की आंख नम हो गई। परिजन रोते-बिलखते रहे। छात्र शुभम अधिकारी का अंतिम संस्कार उसके पिता संतोष अधिकारी ने किया, जबकि निशांत जैन का अंतिम संस्कार उसके ताऊ ने किया, जबकि मोहित का दाह संस्कार बड़े भाई रोहित ने किया। बता दें कि सात नंबर स्टॉप के पास रहने वाले मोहित सोंधिया (17), शुभम अधिकारी (17) जैन मंदिर हबीबगंज में रहने वाले निशांत जैन की केरवा डैम में डूबने से मौत हो गई थी। तीनों ओल्ड कैंपियन स्कूल के 11वीं के छात्र थे। घटना के समय मौजूद ऋषि शुक्ला ने पुलिस को बताया था कि सबसे पहले शुभम अधिकारी पानी में नहाने के लिए उतरा। वह डूबने लगा। उसे बचाने के लिए निशांत जैन पानी में गया। वह भी डूबने लगा, तभी मोहित बचाने के लिए पानी में कूदा। देखते ही देखती तीनों दोस्त डूब गए। बाद में तीनों के शव गोताखोरों ने निकाले।

### तीनों का साथ में हुआ अंतिम संस्कार

तीनों दोस्तों का शुक्रवार को सुभाष नगर विश्राम घाट में अंतिम संस्कार साथ में ही हुआ। करीब डेढ़ बजे तीनों के परिजन शवों को लेकर सुभाष नगर विश्राम घाट पहुंचे। इसके बाद धार्मिक रीति-रिवाजों से अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि चार दोस्त शुभम, मोहित, निशांत और ऋषि नहाने के लिए केरवा डैम गए थे। इनमें से तीन की डूबने से मौत हो गई। ऋषि अब तक सदमे में है। वह दोस्तों के अंतिम संस्कार पर नहीं पहुंच सका। पड़ोसियों ने बताया कि तीनों ही लड़के पढ़ाई- लिखाई में अच्छे थे। मोहित और निशांत हॉकी भी खेलते थे। मोहित संभाग लेवल पर हॉकी खेल चुका था। 10 वीं की परीक्षा खत्म होने के बाद चारों दोस्त खुश थे। मोहित और शुभम परिवार के इकलौते बेटे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रसव के बाद नवविवाहिता की संदिग्ध हालातों में मौत

**भोपाल।** शहर के जय प्रकाश अस्पताल में गर्भवती नवविवाहिता को उसके परिवारद वालो द्वारा रात के समय भर्ती कराया गया था, अगले दिन उसने एक बच्ची को जन्म दिया। बाद मे देर रात उसकी तबीयत बिगड़ गई ओर कुछ देर बाद ही संदिग्ध हालातों में उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि मृतका के मुह से झाग निकल रहा था, वहीं परिजन उसका पीएम कराने से इंकार कर रहे थे। लेकिन डाक्टरों ने तत्काल ही पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुचीं पुलिस ने परिवार वालो को नियम बताकर समझाईश देते हुए मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतका 20 वर्षीय रीना माता मंदिर की रहने वाली थी, जिसकी शादी करीब एक साल पहले हुई थी। अधिकारियो के अनुसार पीएम रिर्पोट आने पर ही मौत के सही कारणो का खुलासा होगा, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपी क्राईम ब्राच के हत्थे चढ़ा

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में बीते चार महीने से फरार बदमाश को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार बदमाश शरीफ उर्फ बच्चा अशोका गार्डन इलाके का आदतन अपराधी है। जिसके खिलाफ शहर के अनेक थानो मे दर्जनो संगीन मामले दर्ज है। आरोपी बीते चार महीने से हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर तीन हजार का इनाम भी घोषित था। टीम ने मुखबिर से मिली सूचना पर बीती रात बदमाश को घेराबंदी कर दबोच लिया ओर आगे की कार्रवाई के लिए अशोका गार्डन पुलिस के हवाले कर दिया।

### दुकान में मिली अधेड़ कर्मचारी की लाश

**भोपाल।** अवधपुरी थाना पुलिस ने इलाके मे स्थित एक कबाड़ी की दुकान के अदंर से यहॉ काम करने वाले कर्मचारी की लाश बरामद की है। अवधपुरी पुलिस ने बताया कि खजूरी बायपास के पास इस्लाम नामक व्यक्ति की कबाड़ की दुकान है। उसकी दुकान में 50 वर्षीय दीपक साहू पुत्र गणपत काम करता था। बुधवार को इस्लाम दीपक साहू को दुकान पर छोड़कर घर चला गया था। अगले दिन सुबह करीब दस बजे जब वो दुकान पर पहुंचा तो उसे दीपक साहू मृत पड़ा नजर आया। इस्लाम ने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। मोके पर पहुची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये भेजते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

### फुटपाथ पर मिली अज्ञात अधेड की लाश, मर्ग कायम

**भोपाल।** पुराने शहर मे शाहजहांनाबाद इलाके मे पुलिस ने मोतिया तालाब के किनारे बने फुटपाथ से अधेड का शव बरामद किया है। बताया गया हे कि मृतक अधेड़ भीख मांगकर अपना गुजारा करता था। फिलहाल शव की पहचान नहीं की जा सकी है। पुलिस ने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे लोगो से मिली सूचना पर पहुची पुलिस ने करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद कर मर्ग कायम करते हुए उसे पीएम के लिये भेज दिया। शुरुआती पुछताछ मे आसपास के लोगो ने बताया कि मृतक यहां पर कुछ दिन पहले से ही नजर आया था, ओर भीख मागता था। उसके बारे मे अन्य कोई जानकारी पुलिस को नही मिल सकी है।

### दिग्विजय ने मुख्यमंत्री पर उठाए सवाल, विधायक रामेश्वर शर्मा ने दिया करारा जवाब

# मेरे 10 साल के कार्यकाल में दंगा नहीं हुआ: दिग्विजय बाबर-औरंगजेब जैसा था दिग्विजय का शासन: शर्मा

**भोपाल। खरगोन में हुए दंगों को लेकर कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री खरगोन हिंसा के संदर्भ में ट्विटर पर गलत वीडियो पोस्ट कर फंस चुके हैं। भाजपा नेताओं ने उन पर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कई जगह थानों में एफआइआर दर्ज हो चुकी हैं। वहीं दिग्विजय भी इस मामले में शिवराज सरकार के खिलाफ लगातार हमलावर हैं। हाल ही में उन्होंने ट्वीट करते हुए दंगे रोकने में विफलता को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान पर सवाल उठाया।**

उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि जिस ज़िले में दंगा होगा उसकी पूरी जवाबदेही ज़िला कलेक्टर व एसपी की होगी, यदि यह संदेश मुख्यमंत्री दे दें तो कभी दंगा नहीं हो सकता। इसके साथ ही दिग्विजय ने प्रदेश में अपने मुख्यमंत्रित्व काल का हवाला दिया और लिखा कि मेरे 10 वर्षों के कार्यकाल में एक भी सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। दिग्विजय यहीं नहीं रुके। उन्होंने शिवराज सरकार और भाजपा की मंशा पर सवाल उठाते हुए अगला ट्वीट किया कि भाजपा यह जानती है कि बिना पत्थर उछाले कुर्सी नहीं मिलती है। इसलिए हथियार के रूप में कभी जज़्बात को तो कभी जान को हथियार बनाती है। साम्प्रदायिक उन्माद भाजपा का सबसे ख़तरनाक राजनीतिक हथियार है। उनके इस ट्वीट पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने दिग्विजय सिंह को उनके शासनकाल की याद दिलाई और ट्विटर पर लिखा कि राजा साहब, आज यदि बाबर जिंदा होता तो 10 साल के शासन को सलाम करता। इसके साथ ही उन्होंने दिग्विजय से पूछा कि 'सिमी' का लालन पोषण किसने किया? 'नक्सलवाद' को संरक्षण किसने दिया? चंबल में डाकुओं का राज था। कुएं हथियार उगलते थे। जिंदा जला देने की घटना भी हमे याद है। मुलताई में 24 किसानों का नरसंहार भी हम नही भूले। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में दिग्विजय सिंह जी का शासन बाबर-औरंगजेब सरीखा था।




### बाबर जिंदा होता तो सलाम ठोकता: शर्मा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने दिग्विजय सिंह के टवीट पर पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह के शासन काल मे हिन्दूओ के साथ अत्याचार होता था दंगाई सरकार चलाते थे गंजबासौदा में गौ माता की हत्या को लेकर दंगा हुआ था दिग्विजय सिंह के शासन काल मे सिमी के आतंकियों का पालन पोषण हुआ नक्सलवाद को बढ़ावा दिया गया, डाकुओं का राज चलता था बहन बेटियों को जिंदा जलाने की घटना भी दिग्विजय सिंह के शासन काल मे हुई। दिग्विजय सिंह के राज में कुएं पानी नही हथियार उगलते थे। हिन्दुओ पर अत्याचार दुराचार की पराकाष्ठा थी। श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह के 10 वर्षो के कार्यकाल में हिन्दुओ के मठ मंदिर उजाड़े गए, स्टेडियमों में मस्जिद का निर्माण कर लिया गया। श्री शर्मा ने कहा कि बाबर -औरंगजेब के शासन काल मे जो बर्बरता हिन्दुओ के साथ हुई वही बर्बरता दिग्विजय सिंह के शासन काल मे हिन्दुओ को झेलनी पड़ी।

# कलेक्टर लवानिया के निर्देश पर गेंहू खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया गया





**भोपाल।** कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देशन में शुक्रवार को जिले में अनुविभागीय अधिकारी बैरसिया, जिला आपूर्ति नियंत्रक भोपाल, प्रबंध संचालक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अमले द्वारा गेंहू उपार्जन केंद्र बागसी, रन्नाहा, खाताखेड़ी, मजीतगढ़ और गढ़ाकला उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। अच्छी गुणवत्ता का गेहूँ समर्थन मूल्य पर खरीदने हेतु टोकन बांटकर तथा प्रतिदिन परिवहन करवाकर गोदामों में जमा करने के निर्देश दिए गए। उपार्जन केंद्र माहेश्वरी वेयर हाउस की छत पूरी नहीं होने पर उसे आज ही पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों पर पीने के पानी और छाया की व्यवस्था करने को कहा गया है जिससे किसानों को परेशानी नहीं हो। एसडीएम श्री जैन ने निर्देश दिए कि सभी गेहूं उपार्जन केंद्रों पर से प्रतिदिन ट्रको से गेंहू का परिवहन होता रहे जिससे भंडारण और उठाव की समस्या नहीं हो।

# पुराने शहर मे सख्त रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, ड्रोन से रखी जायेगी निगाह



**भोपाल।** हनुमान जयती के दिन पुराने शहर से निकलने वाले जुलूस को लेकर राजधानी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। जुलूस जिस रास्ते से गुजरेगा उसके चप्पे-चप्पे पर सैकडो पुलिस जवान तैनात रहेगे, साथ ही ड्रोन से भी सारे इलाके की निगाह रखी जाएगी। जानकारी के अनुसार लगभग 600 पुलिसकर्मियों की तैनाती जुलूस के रास्ते पर की गई है। ओर आपत्तिजनक गाने बजाये जाने पर रोक रहेगी, ऐसी बातो से बचने के लिये जुलूस डीजे पर कौनसा गाना भगन बजेगा इसकी जानकारी पुलिस को रहेगी। जुलूस में शामिल होने वाले लोगों की वीडियोग्राफी की जाएगी। जिससे आगे किसी तरह के विवाद की स्थिति निर्मित ना हो। सारे इलाके पर नजर रखने के लिये पुलिस जवान उची इमारतो पर भी तैनात रहेंगे। आला अफसरो ने भी मैदान मे उतरते हुए अतिसंवेदनशील इलाकों का दौरा कर लोगो से बातचीत कर शातिं बनाये रखने की अपील की है। अफसरो ने कडे शब्दो मे चेतावनी देते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर भड़काउ पोस्ट करने वाले करीब आधा दर्जन लोगों पर पुलिस हनुमानगंज, मंगलवारा, कटारा हिल्स थानो मे कार्रवाई कर चूकी है। ओर लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी हुई है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री चौहान को काव्य संग्रह एवं स्केच भेंट किया



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से आज निवास पर जबलपुर के कक्कड़ परिवार ने भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान को स्व. विशाल कुमार कक्कड़ के काव्य संग्रह 卐क्षितिज का कचनार卐 की प्रति भेंट की गई। साथ ही स्व. कक्कड़ के पुत्र युवा चित्रकार श्री अनिकेत कक्कड़ ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का पेंसिल से उकेरा स्केच भी भेंट किया। श्रीमती कुसुम कक्कड़, श्रीमती आराधना कक्कड़ और श्री तुषार कक्कड़ उपस्थित थे।

### एक साल के भीतर 1200 से ज्यादा बसें दौड़ेंगी, टेंडर जारी

# प्रदूषण से राहत: अब भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर के लिए चलेंगी सीएनजी बसें

**भोपाल।** राजधानी भोपाल, इंदौर ग्वालियर और जबलपुर में सीएनजी बसें चलाई जाएंगी। भोपाल-इंदौर में एक साल के भीतर 1200 से अधिक सीएनजी बसें चलने लगेंगी। इनमें से 700 बसें चलाने के लिए टेंडर जारी हो गए हैं, जबकि ग्वालियर जबलपुर के लिए सीएनजी बसें चलाने के संबंध में प्रस्ताव बनाया जा रहा है। यहां फिजिबिलिटी सर्वे के आधार पर सरकार जल्द ही निर्णय लेगी। शहरों में ये बसें पीपीपी मोड पर चलाई जाएंगी। बस चलाने के लिए अनुमति उन्हीं ऑपरेटर्स को दी जाएगी,



### मिडी बसें चलाने पर विचार

भोपाल में 300 सीएनजी बसों के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। अगले महीने 235 सीएनजी बसें और खरीदी जाएंगी। इंदौर में 400 बसें खरीदने टेंडर जारी हुए हैं। 300 बसों के लिए टेंडर जून तक जारी होंगे। सरकार ज्यादातर मिडी बसें चलाने पर विचार कर रही है, ताकि यातायात प्रभावित न हो।

### स्कूल वाहनों का दोगुना किराया

उधर, अभिभावकों को कहीं से भी निजात नहीं मिल पा रही है। पेट्रोल डीजल की आड़ लेकर स्कूल बसों के किराया में चालीस फीसदी तक वृद्धि कर दी गई है। पहले से ही शिक्षा माफियाओं की कमीशनखोरी से परेशान अभिभावकों को अब स्कूल बस, स्कूल ऑटो, स्कूल वेन के मनमाने किराए से जूझना पड़ रहा है। मनमाने तरीके से वसूल रहे किराये की जांच करने और मनमानियों पर अंकुश लगाने वाले जिम्मेदारों को भी अभिभवकों की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है।

### पुरानी रजिंश के चलते दिया वारदात को अंजाम

# 2 नाबालिगों सहित 5 ने युवक पर धारदार चाकुओं से किया कातिलाना हमला

**भोपाल।** शहर के गोविंदपुरा इलाके मे पुरानी रजिंश के चलते पॉच आरोपियो ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट करते हुए धारदार चाकू से कातिलाना हमला कर दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी घायल यूवका को अधमरा छोडकर फरार हो गए, जिन्हे पुलिस ने बाद मे घेराबंद कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अन्ना नगर झुग्गी बस्ती मे रहने वाला 23 वर्षीय सचिन अहिरे पिता सांताराम अहीरे अहाते में काम करता है। उसके मोहल्ले में रहने वाला विशाल महाजन पिता युवराज महाजन (23) भी उसके साथ ही अहाते मे काम करता है, ओर उन दोनो के बीच अच्छी दोस्ती है। सचिन ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब पौने एक बजे वो और विशाल बाईक से घर जा रहे थे। रास्ते मे वो आईएसबीटी और अन्ना नगर के नाले के बीच में विशाल सड़क किनारे पेशाब करने के लिये रुक गया।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,** मुद्रक, प्रकाशक जय कुमार सिंह द्वारा मेसर्स श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 137, 138, 139, सेक्टर-आई, स्पेशल इंडस्ट्रीयल एरिया गोविंदपुरा-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं 72 आदित्य एवेन्यू, सेकंड फ्लोर, जोन-II एम.पी. नगर भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
**स्थानीय संपादक: रिपुसूदन नामदेव।** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।) फोन: 0755-4221047, फैक्स:- 4273629, **आर.एन.आई.नं. 58842/94**